## 14 वर्ष के बच्चों से निर्वाचन का काम लिया तो होगी कार्रवाई

**बदायूं, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग चुकी है। डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि किसी भी प्राइवेट भवन स्वामी की सहमति उपरांत ही झंडा, कटआउट, सिंबल को लगाए। न ही किसी भी आयोजन में 14 वर्ष से आयु तक बच्चों का सहयोग लिया जाए। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वैभव शर्मा ने चुनाव संबंधी तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी। अपर जिला अधिकारी प्रशासन रेनू सिंह ने बताया कि सूचनाओं के आदान-प्रदान व बेहतर समन्वय के लिए राजनैतिक दलों के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, भाजपा से आशीष शाक्य आदि लोग रहे।

# परिषदीय स्कूलों की दीवारें देंगी स्टाफ की जानकारी

- सभी परिषदीय विद्यालयों की दीवारों पर अंकित होगी सूचना और फोटो

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों की दीवारें वहां कार्यरत स्टाफ की जानकारी देती नजर आएंगी। दीवारों पर शिक्षकों का ब्योरा अंकित किया जाएगा। इससे अभिभावकों को अध्यापक की नियुक्ति, नाम, पता और पूरी जानकारी मिल जाएगी। वहीं शिक्षकों का ब्योरा अंकित कराने के लिए महानिदेशक शिक्षा ने बीएसए को आदेश जारी करते हुए बजट भी आवंटित किया है। इससे अभिभावक आसानी से शिक्षक से संपक कर सकेंगे।

हमारे शिक्षक योजना के तहत यह कदम उठाया गया है। विद्यालय में अध्यापक, सहायक अध्यापक के साथ ही शिक्षामित्रों के अलावा अनुदेशकों की फोटो भी लगाई जाएगी। इनमें शिक्षक का नाम, शैक्षिक योग्यता, पदनाम, प्रशिक्षण योग्यता, विद्यालय में तैनाती तिथि, आवंटित कक्षा, मोबाइल नंबर, आवंटित विषय के अलावा विशिष्ट उपलब्धि दर्ज की जाएगी। इसके लिए हर विद्यालय को 150 रुपये की धनराशि भी दी जाएगी। फिलहाल अभी शैक्षिक सत्र समाप्त होने को है, नवीन सत्र शुरू होते ही सभी स्कूलों में यह योजना लागू की जाएगी। इसके लिए तैयारी की जा रही है। बीएसए स्वाती भारती ने बताया कि अध्यापकों के स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति व पदोन्नति होने की जानकारी दीवारों पर अंकित की जाएगी। अप्रैल से शुरू होने वाले नए सत्र से योजना की शुरुआत कर दी जाएगी।

### बागों में आम की फसल खरीद लेते हैं व्यापारी, ककराला के व्यापारी तलाश करने लगे बाग

# आम के पेड़ों पर लदा बौर, इस बार बेहतर उत्पादन की आस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** फलों का राजा आम का उत्पादन इस बार बेहतर रहने की उम्मीद है। आम के पेड़ों पर बौर लद गया है जिससे प्रतीत होता है कि आम की मिठास और बढ़ने वाली है। आम का व्यापार करने वाले व्यापारी आम के बागों को देख रहे हैं। आम की फसल लेने के लिए अभी से तैयारी की जा रही है।

आम को फलों का राजा कहा जाता है लेकिन कभी कभी उत्पादन कम होने से उसकी मिठास बिगड़ जाती है। इस बार आम का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद जताई जा रही है। इसका कारण है कि आम के पेड़ों पर बौर लद गया है। हर डाली पर बौर दिख रहा है। यदि आंधी से आम के पेड़ बच गए तो आम की मिठास और बढ़ जाएगी। ककराला निवासी अकरम का कहना है कि

> जनपद में आम का रकबा लगभग पांच हजार हेक्टेयर में है। इस साल आम के पेड़ों पर बौर अच्छा लगा है इसलिए एक पेड़ पर दो क्विंटल पैदावार का अनुमान लगाया जा रहा है। वैसे मौसम के ऊपर निर्भर है कि आंधी बारिश से आम के बौर को क्षति भी होती है। यदि मौसम में अधिक बदलाव नही आया तो एक पेड़ पर दो क्विंटल हेक्टेयर के उत्पादन की संभावना व्यक्त की जा रही है।
> – **सुनील कुमार** – जिला उद्यान अधिकारी

वह लोग अप्रैल के महीने से आम के बागों को खरीद लेते हैं। उनकी खुद ही रखवाली कराते हैं जिससे किसी तरह का नुकसान न हो। इस साल सभी पेड़ों पर बौर आया है। जबकि आम के पेड़ पर तीसरी साल फसल आती है। जिन बागों को पिछले साल खरीदा था उन बागों में इस साल भी आम आएगा। बाग मालिक भी इससे खुश हैं। यह कभी कभी ही होता है। ककरला सखानू के आम के व्यापारी हर साल आम के बागों को खरीद लेते हैं। अप्रैल से जुलाई तक वह लोग खुद बागों की रखवाली करते हैं। उसकी पूरी फसल लेने के बाद बाग को छोड़ देते हैं। इस साल ककराला गभियाई, सखानू अलापुर और उसहैत क्षेत्र में आम के बागों पर बौर आया है। बाग मालिक से बात भी हो चुकी है। एक महीने बाद बाग की पूरी फसल खरीद ली जाएगी। जो लोग अपने अपने बाग बेचते हैं उन्हीं से संपर्क किया जा रहा है।

आम के व्यापारियों का कहना है कि वह लोग यहां के आम को दिल्ली ले जाते हैं। वहां पर ऊंचे दामों पर बिक्री करते हैं जिससे उन्हें भी मुनाफा होता है। इस साल आम की फसल बेहतर होने की उम्मीद है। फसल बेहतर होने से आम सस्ता भी रहेगा।


आम के पेड़ पर लदा बौर। ● अमृत विचार

# जिले में 234 मतदान केंद्र क्रिटिकल, तैनात होगा अतिरिक्त बल

### 24 जोन में 225 सेक्टर होंगे, 54 उड़नदस्ता, 18 वीडियो टीम, छह वीडियो अवलोकन टीम और छह लेखा टीम बनाई गईं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। जिले में तीसरे चरण में मतदान होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल को किया जाएगा। अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही अभ्यर्थियों से नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी। अभ्यर्थी अंतिम तिथि 19 अप्रैल तक अपना नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। इसकी समीक्षा 20 अप्रैल को की जाएगी। नामांकन पत्र वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल रहेगी। जिले में 7 मई को मतदान किया जाएगा। मतगणना 4 जून को ककराला रोड स्थित मंडी समिति परिसर में की जाएगी।

डीएम ने बताया कि 7 मई को संसदीय क्षेत्र में 1720 मतदान केंद्रों पर स्थापित 2577 मतदेय स्थलों पर वोट डाले जाएंगे। इसमें प्रमुख रूप से विधानसभा बिसौली में 296, सहसवान में 290, बिल्सी में 265, बदायूं में 237, शेखूपुर में 301 और दातागंज विधानसभा में 331 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

बताया कि जिले में अभी तक 234 क्रिटिकल मतदान केंद्र चिह्नित किए गए हैं। 2577 मतदान केंद्रों के लिए कुल 225 सेक्टर ऑफिसर बनाए गए हैं।



निर्वाचन संबंधी जानकारी देते डीएम मनोज कुमार, साथ में एसएसपी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

- मंडी समिति से रवाना होंगे अधिकारी व कर्मचारी, यहीं से भेजी जाएंगी और वापस आएंगी ईवीएम

**संवेदनशील मतदान केंद्रों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| क्रिटिकल मतदान केंद्र | 234 |
| क्रिटिकल मतदेय स्थल | 404 |
| संवेदनशील मतदान केंद्र | 113 |
| संवेदनशील मतदेय स्थल | 146 |

### सी-विजिल एप या दूरभाष पर कर सकते हैं शिकायत

डीएम ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान कोई भी व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया में अनियमितता संबंधी शिकायत सी-विजिल एप के माध्यम से दर्ज करा सकता है। इस एप में आवेदक को शिकायत संबंधी फोटो अथवा वीडियो उसकी लोकेशन के साथ अपलोड करने की सुविधा भी उपलब्ध है। निर्वाचन आयोग के दूरभाष क्रमांक 1950 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### 54 एफएसटी एवं 24 चेक पोस्ट पर होगी चेकिंग

इस समय 54 एफएसटी (स्थैतिक निगरानी दल) का गठन किया जाएगा, जो 12 अप्रैल से सक्रिय होंगी। सीमाओं पर 24 चेक पोस्ट पर चेकिंग की जाएगी। 18 वीडियो टीम, 6 वीडियो अवलोकन टीम व 6 लेखा टीम बनाई हैं।

### 24,09,905 मतदाता करेंगे मतदान

बदायूं लोकसभा सभी संसदीय क्षेत्र में 16 मार्च की स्थिति में 24,09,905 मतदाता हैं, पुरुष 12,92,286, महिला मतदाता 11,17,516 एवं 103 अन्य शामिल हैं। बदायूं के मतदाताओं जेंडर अनुपात 864 है और सर्विस वोटर की संख्या 1929 हैं।

### 85 प्लस आयु के 9411 मतदाता

बदायूं लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 85 प्लस आयु के मतदाताओं की संख्या 9411 है, जिनमें 2089 पुरुष एवं 6322 महिलाएं शामिल हैं। जिन्हें 12 डी का आवेदन जमा करने पर घर पर मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### सतत् कार्य करेगा कंट्रोल रूम

जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम 24x7 सतत् कार्य करेगा। यहां अलग अलग कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

### 22983 दिव्यांग और 1392 सर्विस वोटर

जिले की संसदीय सीट पर 22983 दिव्यांग मतदाता और सर्विस वोटर पंजीकृत 1929 हैं। इसमें दिव्यांग मतदाताओं में 13336 पुरुष और 7647 महिला दिव्यांग मतदाता की गणना शामिल है।

### 31791 है नए मतदाताओं की संख्या

जिले में नए मतदाताओं की संख्या 31791 है। इनमें 18676 पुरुष और 13115 महिला मतदाता शामिल हैं। नए मतदाताओं के द्वारा सात मई को होने वाले चुनाव में पहली बार अपने वोट का प्रयोग करते हुए दिखाई देंगे।

### प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के लिए कार्यक्रम घोषित करने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। इसके साथ ही जिले में धारा 144 लागू किये जाने से प्रतिबंधात्मक आदेश भी प्रभावी हो गए हैं। जिले में शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। लाइसेंस धारकों से उनके शस्त्र निकटतम पुलिस थाने में जमा कराने की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। अब जिले में अस्त्र शस्त्रों के परिवहन व प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। होटल, सराय, धर्मशालाओं में रुकने वाले यात्रियों की जानकारी होटल संचालकों को निकटतम थाने में देना अनिवार्य होगी।

# कायाकल्प अवॉर्ड स्कीम के असेसमेंट को पहुंची टीम



स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर में एक्सटर्नल असेसमेंट में मौजूद स्वास्थ्य कर्मचारी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कायाकल्प अवॉर्ड स्कीम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर का एक्सटर्नल एसेसमेंट किया गया।

शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर पर कायाकल्प अवॉर्ड स्कीम के फाइनल एक्सटर्नल असेसमेंट के अंतर्गत तीन सदस्यीय टीम दोपहर बाद पहुंची। टीम में शामिल मुरादाबाद डिवीजन प्रोग्राम मैनेजर हुमैरा बिन सलमान, डीसीपीएम मुरादाबाद चंद्रशेखर सिंह, रविंद्र सिंह प्रोग्राम असिस्टेंट ने संभल से यहां पहुंचकर केंद्र पर निर्धारित क्वालिटी के तहत ओपीडी, जेएसवाई, लैब, कोल्ड चैन, साफ सफाई के साथ साथ रखरखाव देखा। इसके साथ ही डिवीजन प्रोग्राम मैनेजर हुमरा बिन सलमा ने स्टाफ से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. जुनैद मेहंदी, डॉ. इमरान मिर्जा, बीपीएम नवेद अहमद, बीसीपीएम रूपकिशोर, इकबाल कादरी, मरियम खान, पूनम तिवारी, जेबा कमाल, मधुलिका, अंजली, ब्रोनिया, वंदना त्रिपाठी, जीनत आरा, अनूप कुमार, किशन पाल, सय्यद एम अली सहित स्टाफ मौजूद रहा। सीएचसी अधीक्षक डॉ. जुनैद मेहंदी ने बताया समस्त विभागों के असेसमेंट बहुत अच्छे रहे।

# अस्पताल से नहीं हटे जनप्रतिनिधियों के बैनर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही स्वतः आचार संहिता लागू हो गयी। जिला प्रशासन ने अभियान चला कर शहर के कोने कोने से नेताओं के बैनर-पोस्टर हटा दिए लेकिन जिला अस्पताल प्रशासन ने आचार संहिता की खुली धज्जियां उड़ाई हैं। अस्पताल में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के पोस्टर लगे हैं। किसी ने पोस्टर नही हटाए हैं। इस पर जब सीएमएस से पूछा गया तो उन्होंने अपने कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए पोस्टर हटवाने के निर्देश दिए।

16 मार्च को चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजा दी है। मतदान की तिथियों की घोषणा करते हुए परिणाम की तारीखों की भी घोषणा कर दी। जिला प्रशासन ने आनन फानन में अधिकारियों को एक्टिव मोड में आ जाने को कहा है। शनिवार शाम चार बजे से जिला प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन ने शहर से तमाम नेताओं के बैनर पोस्टर हटा दिये। साथ ही विभागीय अधिकारियों को चेतावनी दी कि कहीं भी किसी का बैनर पोस्टर लगा दिखा तो कार्रवाई की जाए। जिला प्रशासन के सख्त आदेश के बाद भी स्वास्थ्य महकमे की नींद नही टूटी। अस्पताल में कई स्थानों पर बैनर-पोस्टर दिखाई दिए।

> आचार संहिता लागू हो चुकी है। रविवार होने के कारण अपने पैतृक गांव में हूं। अस्पताल में पोस्टर लगे हैं। अभी कर्मचारियों को फोन करके हटवाता हूं। इस पर ध्यान ही नही गया। आचार संहिता का पूरी तरह पालन किया जाएगा। जिला प्रशासन के नियमानुसार अब कहीं भी किसी योजना से संबंधित पोस्टर दिखाई नहीं देंगे।
> – **डा. कप्तान सिंह** – सीएमएस

### चलते रहेंगे आरोग्य मेला, हट गया मुख्यमंत्री का नाम

**बदायूं।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने भी मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला कार्यक्रम से मुख्यमंत्री का नाम हटा दिया है और अब केवल जन आरोग्य मेला लगेगा। इसके लिए सीएमओ ने सभी एमओआईसी को पत्र जारी कर दिया है। लोकसभा चुनाव की 16 मार्च को घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो गयी। आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी विकास कार्य के साथ प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री का नाम नहीं जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री आरोग्य मेला कार्यक्रम से भी रविवार से मुख्यमंत्री का नाम हटा दिया गया है। प्रत्येक रविवार को स्वास्थ्य केन्द्रों पर अब आरोग्य मेला लगेगा। इसके लिए सभी एमओआईसी को पत्र जारी कर अवगत करा दिया गया है। आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाएगा। प्रभारी सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम खान ने बताया कि रविवार को अब आरोग्य मेला लगेगा। उस पर रोक नही है लेकिन मुख्यमंत्री का नाम इसमें से हटा दिया गया है। इसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सीएमओ कार्यालय व सीएचसी पर कंट्रोल रूम हुआ स्थापित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही स्वास्थ्य विभाग ने भी सीएमओ कार्यालय में कंट्रोल रूम व सभी सीएचसी पर कंट्रोल रूम स्थापित कर दी है।

शनिवार को लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने भी नियम कानूनों का पालन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएमओ कार्यालय में रविवार को कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया। कंट्रोल रूम में एक डिप्टी सीएमओ और एक अन्य कर्मचारी तैनात किया गया है। शहर में मिलने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए सीएमओ कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है जबकि देहात क्षेत्रों में सभी 15 सीएचसी पर 18 मार्च को कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए जाएंगे। सीएचसी के कंट्रोल रूम पर एक कर्मचारी तैनात रहेगा। चुनाव तक कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा।

इस कंट्रोल रूम को यदि किसी जगह दुर्घटना की सूचना मिलती है तो वहां पर तत्काल एम्बुलेंस डॉक्टर के साथ भेजी जाएगी। मौके पर प्राथमिक उपचार किया जाएगा। उसके बाद पीड़ित को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। जन प्रतिनिधियों के कार्यक्रमों की सूचना स्थानीय कंट्रोल रूम को पहले से दी जाएगी जिससे आकस्मिक दुर्घटना के समय प्राथमिक उपचार में दिक्कत न आए।

> जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सीएमओ कार्यालय में रविवार को कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। सोमवार को सभी सीएचसी पर भी कंट्रोल रूम सक्रिय रहेंगे। कंट्रोल रूम की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी को दी जाएगी। साथ ही सभी व्यवस्थाओं से अवगत करा दिया जाएगा। -**डॉ. अब्दुल सलाम खान** – प्रभारी सीएमओ

# होली पर करें हर्बल रंगों का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** युवा संकल्प सेवा समिति के तत्वावधान में केमिकल रंगों के विरोध एवं हर्बल रंगों के प्रयोग पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्था के उपाध्यक्ष योगेश पटेल ने की। संचालन उपसचिव निखिल गुप्ता ने किया।

संस्था के सचिव पुनीत कुमार कश्यप ने कहा कि होली पर केमिकल रंगों को बाजार से खरीदने से बचें। होली खेलने पर केमिकल रंग आपके चेहरे की रंगत बिगाड़ सकते हैं। ये त्वचा के लिए भी हानिकारक हैं। ये रंग त्वचा से जल्दी उतरते भी नहीं हैं। इसलिए हर्बल रंगों का ही प्रयोग करें।

उपाध्यक्ष योगेश पटेल ने कहा कि केमिकल रंगों से बचकर हर्बल रंगों का प्रयोग करना ज्यादा बेहतर होगा। इसके अलावा अगर आप बाजार के रंगों पर विश्वास नहीं करते तो आप घर पर भी रंग तैयार कर सकते हैं। संस्था के सदस्य विशाल वैश्य ने भी केमिकल रंगों से सेहत पर पड़ने वाले असर का जिक्र किया। इस मौके पर योगेंद्र सागर, मुनीश, अजय, देशपाल सिंह, राजेंद्र शाक्य, अरविंद दिवाकर, केंद्रभान सिंह, श्रीकांत सक्सेना आदि मौजूद रहे।



होली पर हर्बल रंगों की जानकारी देते पुनीत कुमार कश्यप। ● अमृत विचार

### शुरू हुई होली स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन

**बदायूं।** होली के त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने होली एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया है। यह ट्रेन केवल रविवार को लालकुआं से अजमेर तक चलेगी। होली के त्योहार पर हर साल यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है। ट्रेन सीमित होने से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में भारी परेशानी होती है। इसी परेशानी को देखते हुए। रेलवे प्रशासन ने होली एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन लालकुआं से अजमेर के लिए शुरू कर दिया है। यह ट्रेन लालकुआं से चलकर 17 को सुबह 9:30 बजे बदायूं पहुंचेगी। इसके बाद आगे को निकल जाएगी। 17 से 31 मार्च तक प्रत्येक रविवार को चलने वाली ट्रेन के बारे में जानकारी जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी है।

## बदन सिंह ने संभाला नायब तहसीलदार का चार्ज

**बिल्सी।** पिछले दिनों शासन द्वारा नायब तहसीलदार के पद पर प्रोन्नत हुए बदन सिंह को बिल्सी तहसील भेजा है। उन्होंने शनिवार को यहां पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। यहां तैनात रहे नायब तहसीलदार अरुण कुमार का बीते माह शासन ने सीतापुर जिले के लिए स्थानांतरित कर दिया था। तब से उक्त पद रिक्त चल रहा था। लखीमपुर खीरी जिले से प्रोन्नत होकर जिले में आए नायब तहसीलदार बदन सिंह को डीएम मनोज कुमार ने 16 मार्च को बिल्सी तहसील का नायब तहसीलदार बना कर भेजा है। जिसके बाद उन्होंने यहां पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। बदन सिंह लखीमपुर खीरी जिले के रहने वाले हैं।

आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली ऑफिस को
● ऑफिस बॉय व हाउसकीपिंग में कार्य करने हेतु लड़कों की
योग्यता :- 8वीं 10वीं पास
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

**परेशानी** | बाजारों में बढ़ी मावा की बिक्री, गोला और किशमिश हुई महंगी, गुझिया व मिष्ठान से लेकर अन्य पकवानों पर पड़ेगा असर

# रंगों के पर्व होली पर पकवानों के स्वाद पर पड़ेगी महंगाई की मार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रंगों के त्योहार होली की बात हो और गुझिया की मिठास न हो, यह कैसे हो सकता है। लेकिन इस बार महंगाई के चलते गुझिया स्वाद कुछ फीका हो सकता है।

वजह है कि गुझिया बनाने में इस्तेमाल होने वाली ज्यादातर मेवा के दाम आसमान छू रहे हैं। गोला, चिरौंजी, किशमिश और अन्य मेवा के दाम सुनकर लोग चौंक रहे हैं। ऐसे में लोग लोग मेवा की खरीदारी पहले के मुकाबले कम कर रहे हैं। इसका असर बाजार में भी नजर आ रहा है। होली के त्योहार पर घर-घर में मिष्ठान और गुझिया बनाई जाती है। गुझिया में तमाम तरह की मेवा डाली जाती है, जिससे उसका स्वाद और अच्छा हो जाए, लेकिन इस बार होली के त्योहार पर महंगाई की मार पड़ रही है। गुझिया और मिष्ठान बनाने में प्रयोग होने वाली मेवा के दाम आसमान छू रहे हैं। मेवा महंगी होने से एक ओर खरीदारों को परेशानी हो रही है वहीं दुकानदार भी परेशान हैं। दुकानदारों का कहना है कि महंगाई के कारण लोग मेवा कम खरीद रहे हैं। जिससे उनकी बिक्री नहीं हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि एक साल पहले लोग गोला, किशमिश किलो के हिसाब से खरीदते थे, लेकिन आज ग्राम के हिसाब से खरीद रहे हैं। बाजार में इस साल मेवा की बिक्री पचास प्रतिशत कम हो रही है। खरीदार जब मावा के रेट पूछता है तो रेट सुन कर पीछे हट जाता है। कुछ लोग ही मेवा खरीदने की हिम्मत कर पाते हैं। इसलिए मावा की बिक्री कम हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि अभी कुछ दाम और बढ़ने की उम्मीद है। जिससे बिक्री और कम हो जाएगी। बाजार में पहले से ही मायूसी छाई हुई है। घी और रिफाइंड भी महंगा होने के साथ साथ चीनी के दाम भी आसमान दू रहे हैं।

| सामग्री | रेट |
|---|---|
| इलायची | 2000 |
| खरबूज गिरि | 1200 |
| चिरौंजी | 2500 |
| काजू | 700 |
| बादाम | 700 |
| गोला | 150 |

(रेट रुपये प्रति किग्रा.)



> उसहैत से सामान खरीदने बाजार आए थे, यहां भी मेवा बेहद महंगी है। मेवा महंगी होने के कारण थोड़ी-थोड़ी ली है। काम चलाना है, अभी अन्य सामान भी लेना है। त्योहार पर ढीली हो रही है। महंगाई के दौर में त्योहार मनाना भी मुश्किल हो गया है। -**पवन कुमार मिश्रा** – खेड़ा जलालपुर



> बाजार में घुसने की हिम्मत नहीं हो रही है। बादाम और काजू खरीदने के लिए आए हैं। महंगाई के कारण कम मात्रा में मेवा खरीदी है। महंगाई होने से होली का त्योहार परेशानी पैदा करने वाला है। अब काम तो चलाना है इसलिए सामान खरीद रहे हैं। -**गौरव सक्सेना**



> होली के त्योहार पर मिष्ठान और गुझिया बनायी जाती हैं। महंगाई तो है फिर भी घर में सब पकवान बनाने हैं। बाजार आए हैं तो कुछ खरीदना पड़ेगा। इसी तरह महंगाई बढ़ती रही तो आने वाले समय में त्योहार मनाना भी मुश्किल हो जाएगा। -**नेहा सक्सेना**- गृहणी



> हर त्योहार पर महंगाई होती है फिर भी सब कुछ करना पड़ता है। क्या किया जाए, महंगाई है तो घर में सामान भी लाना है। खाने-पीने के लिए हर चीज लानी है। जितना बजट है उसी में काम चलना है। -**अंजू** – गृहणी

रमज़ान मुबारक
18 मार्च 2024 सातवां रोज़ा इफ्तार 6:27
19 मार्च 2024 आठवां रोज़ा सहरी 4:55
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.बी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूँ
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
विशेष सुविधाएं :
● हड्डी के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● महिलाएं के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● बी.पी., शुगर व डेंगू के मरीजों के लिए विशेष इलाज की सुविधा। ● आई.सी.यू. की सुविधा।
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# मजदूरी मांगने पर युवक को पीटकर मार डाला

## भाई की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, अन्य दो की तलाश में जुटी

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र के एक गांव में मजदूरी के 15 हजार रुपये मांगने पर युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। रविवार को युवक का शव गांव के पास खेत में पड़ा मिला। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें पीट-पीटकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। मृतक के भाई की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न आरोपों में रिपोर्ट दर्ज की है। दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है।


मृतक राजदुलार।


युवक की हत्या के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और परिजन। ● अमृत विचार

गांव ऐपुरा निवासी राजदुलार (40) पुत्र बंशी हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर में रहकर मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। साथ में उनकी पत्नी अनीता और तीन बच्चे अमरजीत, मोहिनी, नंदनी रहते थे। अपने खेत के आलू बेचने के लिए 11 मार्च को वह अकेले वापस गांव आए थे। शुक्रवार को वह आलू बेचने के लिए संजय का ट्रैक्टर-ट्राली लेकर चंदौसी गए। रात को वहीं रुकने के बाद शनिवार को वापस लौटे थे। शाम को वह शराब पीकर घर पहुंचे। अपने गेट के बाहर बैठे थे। राजदुलार के भाई चंद्रकेश की पत्नी सरोज के अनुसार राजदुलार ने अपने घर के सामने रहने वाले रामपाल से मजदूरी के 15 हजार रुपये मांगे। रामपाल ने गाली गलौज की और उनके बेटा राजेश, हरज्ञान और गांव निवासी विजय पाल पुत्र नवल किशोर ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। गांव के लोगों ने बीच बचाव करा दिया था। सरोज, राजदुलार को घर पर बुलाकर ले गई। एक कमरे में सुला दिया।

- ● ठेकेदार ने नहीं दिए 15 हजार रुपये, मृतक के शरीर पर मिले चोट के निशान
- ● परिजनों ने बताया- कुछ साल पहले राजदुलार को मजदूरी कराने के लिए पंजाब ले गया था ठेकेदार

रविवार सुबह किसी ने राजदुलार के परिजनों को सूचना दी कि शफी के खेत में राजदुलार का शव पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंचे। राजदुलार के शरीर पर जगह-जगह चोट के निशान थे। मुंह से खून निकल रहा था। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां सरोज ने बताया कि रामपाल राजदुलार को मजदूरी के लिए पंजाब के जिला होशियारपुर ले गया था। जहां रामपाल पर मजदूरी के 15 हजार रुपये आ रहे थे। कई बार मांगने के बाद भी उसने रुपये नहीं दिए। जिसके बाद राजदुलार हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करने लगे थे। मृतक के भाई चंद्रकेश की तहरीर पर रामपाल, राजेश, हरज्ञान ओर विजय पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने आरोपी रामपाल और विजय पाल को गिरफ्तार किया है।


हत्या के बाद मौके पर पहुंचकर जानकारी करते एसपी देहात राम मोहन सिंह।

> खेत पर युवक का शव मिला था। शरीर पर चोट के निशान थे। मृतक के भाई की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शेष दो को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।
> – राममोहन सिंह, एसपी देहात।

# शराब की अवैध बिक्री पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, विजय नगला

- ● सिपाही की शह पर शराब की हो रही अवैध बिक्री, शकूरपुर की महिलाओं ने डीएम से शिकायत की

**अमृत विचार:** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव शकूरपुर में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री हो रही है। जिसे रोकने के लिए गांव की महिलाओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम से शिकायत की है। मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग उठाई है।

गांव में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री हो रही है। जिसको लेकर वह लगातार आवाज उठा रही हैं। मगर कार्रवाई न होता देख रविवार को उनका सब्र जवाब दे गया। गांव की महिलाएं एकजुट होकर आगे आईं। अवैध शराब की बिक्री को लेकर विरोध किया। कहा कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी। वे इसका विरोध करती रहेंगी। महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा कई बार थाना पुलिस और आबकारी विभाग से शिकायत की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। रविवार को गांव निवासी सीमा देवी, नैना देवी, प्रियंका, रेखा ,पुष्पा देवी, अंगूर वटी, अनीता, कुसुमलेश ,कमलेश देवी, पान कुमारी ,रामवती ,सुधा देवी, अंतरिक्ष देवी, राजवती, सोमवती, रीता फूलन, देवी पूजा, सरिता ,दीक्षा, कविता नीतू, वेद कुमारी आदि महिलाओं ने शराब बिक्री वाले स्थान पर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही डीएम को शिकायती पत्र भेजा। इसमें उन्होंने बिनावर थाने में एक सिपाही की शह पर झोलाछाप डॉक्टर पर अवैध शराब बिक्री करने का आरोप लगाया।

महिलाओं का कहना है कि इससे पूर्व भी उनके द्वारा थाना पुलिस से शिकायत की गई थी। जिस पर थाना पुलिस के द्वारा उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। महिलाओं ने डीएम को भेजे शिकायती पत्र में अवैध शराब की बिक्री रुकवाने और संबंधित पर कार्रवाई की मांग की है।

### आबकारी व पुलिस की टीम करेगी जांच

थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया जल्द ही आबकारी टीम और पुलिस गांव में पहुंचकर जांच करेगी। अगर अवैध शराब की बिक्री होने की जानकारी मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## एक नजर

### सहसवान तहसील अध्यक्ष बने ऋषिपाल सिंह यादव

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी में सहसवान तहसील अध्यक्ष पद पर ऋषिपाल सिंह यादव को नियुक्त किया गया है। जबकि ब्लॉक सहसवान के ही ग्राम मूसेपुर नौसेना निवासी जितेन्द्र यादव को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने आशा व्यक्त की है कि दोनों पदाधिकारी संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे।

### युवक से मारपीट, मोबाइल व रुपये छीने

**बदायूं।** कस्बा उझानी निवासी मोनू चौधरी ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें उन्होंने बताया कि शनिवार को वह उझानी-बदायूं मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान एक कार से चार-पांच लोग आए और उनके साथ मारपीट करने लगे। जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उनके दो मोबाइल फोन और 4600 रुपये छीन लिए। आरोप है कि वह लोग आए दिन शराब पीने के लिए रुपये मांगते हैं। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मुकदमा की पैरवी करने जा रहे वृद्ध से मारपीट व लूट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ● पीड़ित के शिकायत करने पर पुलिस पर धमकाने का आरोप
- ● कोर्ट की शरण में गया पीड़ित तो पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मुकदमा में पैरवी करने जा रहे एक वृद्ध को दूसरे पक्ष के पांच लोगों ने घेरा और हमला किया। अधिवक्ता को देने जा रहे 1100 रुपये लूट लिए। शिकायत करने पर पुलिस ने उन्हें भगा दिया। रिपोर्ट दर्ज करके उन्हें और उनके बेटे को जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित कोर्ट की शरण में गया। कोर्ट के आदेश पर पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर मई निवासी नत्थू लाल पुत्र श्याम लाल ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह वृद्ध, कमजोर और सांस के रोगी हैं। उनके सौतेले हिस्ट्रीशीटर भाई हरपाल, मुन्नालाल उन्हें मारने की फिराक में लगे रहते हैं। उनके और सौतेले भाइयों के बीच डकैती कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। 16 जनवरी को नत्थू लाल मुकदमा में पैरवी करने के लिए बदायूं के लिए घर से निकले थे। सुबह 9 बजे गांव बसई मार्ग पर हरपाल, मुन्नालाल, भगवान सिंह उर्फ नन्हें पुत्र हरपाल, सुमित व देवेंद्र उर्फ पोटा पुत्र मुन्नालाल ने उन्हें जमीन पर गिराकर हमला कर दिया। आरोप है कि उनकी जेब में रखे 1100 रुपये लूट लिए। शोर मचने पर सभी धमकी देकर भाग गए। शिकायत करने के बाद भी बिसौली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उन्हें धमका कर भगा दिया गया। पुलिसकर्मी ने कहा कि बाइक से गिर गया और झूठी तहरीर लेकर आ गया। अब कोर्ट के आदेश पर आरोपी हरपाल, मुन्नालाल, भगवान सिंह उर्फ नन्हें, सुमित, देवेंद्र के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# लोस चुनाव के चलते गुंडा एक्ट के दो आरोपी जिला बदर

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रशासन के निर्देश पर कोतवाली सहसवान और इस्लामनगर पुलिस ने दो आरोपियों को छह महीने के लिए जिला बदर कराया है।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरनातकिया निवासी मोहम्मद अनीस पुत्र हाजी नवी अहमद शातिर हैं। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कई रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। जिसके चलते पुलिस ने उसे नोटिस तामील कराकर छह महीने के लिए जिला बदर करके जिले की सीमा से बाहर जिला संभल के बॉर्डर पर छोड़ा है। थाना इस्लामनगर क्षेत्र के मोहल्ला पछाया निवासी आलम उर्फ गोरा पुत्र अनवार के खिलाफ साल 2019 में धार्मिक विश्वास का अपमान करने आदि में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की। जिसके चलते डीएम ने 11 मार्च को उसे जिला बदर करने का आदेश दिया।

# अभ्यास के दौरान पुलिस ने दंगाइयों को खदेड़ा

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की शुरुआत हो चुकी है। आचार संहिता लगा दी गई है। इसके साथ ही कुछ दिनों में त्योहार भी शुरू हो जाएंगे। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए थाना पुलिस ने दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया गया।

दंगा नियंत्रण के पूर्वाभ्यास के दौरान पुलिसकर्मी ने भीड़ को तितर-बितर करने के क्रियाकलापों व बल्वा ड्रिल का अभ्यास किया गया। उनके द्वारा दंगाइयों/बलवाइयों को खदेड़ने, घायलों को अस्पताल ले जाने तथा गिरफ्तारी करने आदि का भी प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही भीड़ को तितर बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबंध में जानकारी थाना प्रभारी द्वारा पुलिस कर्मियों को दी गई।


दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास करती पुलिस। ● अमृत विचार

### लोच चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने बढ़ाई सख्ती


थानों पर दंगा नियंत्रण का अभ्यास करने के बाद क्षेत्र में रूट मार्च करते पुलिसकर्मी।

**बदायूं।** त्योहार और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला और पुलिस प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर रविवार को थानों की पुलिस ने दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया। आकस्मिक परिस्थिति में सुरक्षा और शांति व्यवस्था, समाज की सुरक्षा, भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए अभ्यास किया। थानों पर अधिकारी और कर्मचारियों ने दंगा के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ने, लाठीचार्ज, एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड के उपयोग का तरीका बताया। प्रभारी निरीक्षक और थानाध्यक्षों ने दंगाई और बलवाइयों को खदेड़ने, घायलों को अस्पताल ले जाने के बारे में बताया। इसके अलावा पुलिस ने क्षेत्र में रूट मार्च करके लोगों से शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

# दस दिन बाद दुष्कर्म पीड़िता बच्ची अस्पताल से डिस्चार्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव में पॉपकॉर्न दिलाने के बहाने दो साल की बच्ची से सात मार्च की शाम एक युवक ने दुष्कर्म किया था। बच्ची की हालत गंभीर हो गई थी। पुलिस ने इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं अगले दिन दुष्कर्म के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। बच्ची का इलाज चल रहा था। रविवार को बच्ची के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद डॉक्टर ने उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है। परिजन उसे घर ले गए हैं।

### बच्चों के विवाद में महिला के हाथ की उंगली तोड़ी

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव पड़ौआ निवासी राजकुमारी ने दंपती के खिलाफ मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर देकर उन्होंने बताया कि 25 फरवरी शाम लगभग साढ़े छह बजे उनके और पड़ोसी के बच्चों में झगड़ा हो गया था। जिसको लेकर पड़ोसी बच्चे की मां प्रीति आई और गाली-गलौज की। अपने पति देवेश को भी बुला लिया। देवेश ने राजकुमारी को डंडे से पीटा जिससे राजकुमारी के हाथ की उंगली टूट गई। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गईं। आरोपी मौके से चले गए। महिला के पति अवधेश ने उनका इलाज कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# टूटा पोल न बदले जाने पर किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिल्सी

- ● बिजली पोल टूटने से दो दिन से ठप है बिजली सप्लाई

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या आठ के वार्ड संख्या 14 में दो दिन पहले किसी वाहन की टक्कर लगने से खंभा टूट गया। जिसके बाद वार्ड की बिजली बंद पड़ी है। साथ ही सड़क पर टूटे पड़े पोल के कारण लोगों को इधर से निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के बावजूद इसको विभाग ने नहीं बदला है। जिससे आक्रोशित लोगों ने सड़क पर एकत्रित होकर बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि दो दिन पहले रात में किसी वाहन ने उक्त बिजली के खंभे में टक्कर मार दी जिससे खंभा टूट कर गिर गया। जिसकी सूचना बिजलीघर पर अधिकारियों को दी गई। मगर किसी ने उनकी इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे क्षुब्ध होकर आज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर दिया। विभाग से शीघ्र पोल बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर अमित कुमार, दामोदर सिंह, सुनील कुमार, कांति देवी, सूरजपाल, राकेश कुमार, नासिर अली, पान सिंह, लाल सिंह, विष्णु दयाल, चांदनी आदि मौजूद रहे।


बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# हादसे में सिर के बल गिरी महिला, मौके पर गई जान

संवाददाता, ओरछी

- ● रविवार को दवा लेने बाइक से चंदौसी जा रहे थे दंपती

**अमृत विचार :** किसी वाहन ने मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गई और उनके पति घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलड़िया निवासी सुधीर शर्मा रविवार को अपनी पत्नी माया देवी (50) को दवा दिलाने के लिए बाइक पर बैठाकर चंदौसी के निजी अस्पताल जा रहे थे। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में मुड़िया धुरेकी के पास किसी वाहन ने उनके बाइक को टक्कर मार दी। माया देवी बाइक से उछलीं और सिर के बल राजमार्ग पर गिर गईं। सिर में चोट लगने की वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई और सुधीर शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सुधीर शर्मा की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने बताया कि हादसे में महिला की मौत हुई है। रिपोर्ट दर्ज करके वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# गेहूं के नहीं दिए 2.12 लाख रुपये

**बदायूं, अमृत विचार :** अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा म्याऊं निवासी दिनेश कुमार ने सीओ शिकायत पत्र देते हुए बताया कि 27 अप्रैल 2022 को उन्होंने अपने 98 क्विंटल 11 किलोग्राम गेहूं 2165 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गांव हडोरा स्थित मैसर्स संकट मोचन ट्रेडिंग कंपनी संचालक अनुजा वर्मा और उनके पार्टनर मोर सिंह को बेचा था। कंपनी संचालकों ने गेहूं के 2 लाख 12 हजार 408 रुपये बाद में भुगतान करने की बात कही थी। दिनेश का आरोप है कि उन्हें भुगतान नहीं किया गया। सीओ के आदेश पर पुलिस ने आरोपी अनुजा वर्मा और मोर सिंह के खिलाफ विश्वास के हनन के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

अच्छी खबर

## स्थान किए गए चिह्नित, जीटीआई कॉलेज के अलावा राजकीय डिग्री कॉलेज में भी हो रही तैयारी

# मौसम की जानकारी देंगे दो वेदर स्टेशन, जल्द निर्माण होगा शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** मौसम की जानकारी के लिए किसानों को अब भटकना नहीं होगा। मुख्यालय पर एक नहीं बल्कि दो वेदर स्टेशन स्थापित होंगे। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डा. वैभव शर्मा ने बताया कि ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन सभी तहसीलों में स्थापित होंगे। ब्लॉकों में वर्षा का आंकड़ा एकत्रित करने के लिए दो-दो ऑटोमैटिक रैन गेज लगाने का काम जल्द शुरू होगा। जिले में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से इन स्टेशनों को स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यालय पर दो ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इनमें एक वेदर स्टेशन चंदौसी रोड स्थित जीटीआई कॉलेज और दूसरा राजकीय डिग्री कॉलेज में स्थापित किया जाएगा।

बताया कि इनके स्थापित हो जाने से किसानों और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। उन्हें अब मौसम का सटीक अनुमान का पता चल जाएगा। साथ ही किस इलाके में कितनी वर्षा हुई है, यह भी रिकॉर्ड हो सकेगा। इसकी तैयारी जिले में हो रही है। आपदा विभाग सभी तहसीलों में एक-एक स्वचलित वेदर स्टेशन और वर्षा का आंकड़ा एकत्र करने के लिए सभी ब्लॉकों में एक-एक ऑटोमेटिक रैन गेज लगाने का कार्य करने जा रहा है। वर्षा के साथ ही तेज हवा भी किसानों के लिए चुनौती है। इससे हवा की गति, बवंडर की दिशा, वर्षा की तीव्रता के साथ इससे होने वाले नुकसान की जानकारी समय पूर्व ही मिल सकेगी। आपदा रोकी तो नहीं जा सकती पर यदि समय पूर्व सूचना मिल जाए तो इसका असर कम किया जा सकता है। इन संयंत्रों से लोगों को वर्षा, ओलावृष्टि, बिजली गिरना और आंधी-तूफान की समय पूर्व जानकारी मिल पाएगी।

### खेती-किसानी में मिलेगी सहूलियत

दरअसल, किसान मौसम के हाल से अनभिज्ञ होते हैं। ऐसे में खेतों की सिंचाई कर देते हैं। इसके एक-दो दिनों के अंतराल पर यदि अच्छी बारिश हो जाए तो फसल को नुकसान होता है। मौसम की पहले जानकारी मिल जाएगी तो अपना अनाज व खेत में काटकर रखी फसल को भी सुरक्षित रख लेंगे।

### फसलों की सिंचाई न करें किसान

कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए अलर्ट के अनुसार अगले एक दो दिन में बारिश होने के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी। किसानों को चाहिए की वह फसलों की सिंचाई न करें। अगर सिंचाई कर दी तो तेज हवा फसल गिर सकती है।

### दो दिन बाद हो सकती है बारिश, अलर्ट जारी

**बदायूं।** मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। कभी ठंड तो कभी गर्मी, लेकिन इस वक्त मिलाजुला असर दिखाई दे रहा है। दिन में गर्मी है तो सुबह शाम ठंडक बनी हुई और रात के तापमान में भी पिछले तीन दिन से लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। दिन में धूप की चमक को आसमान में आए बादल फीका कर रहे हैं। इस कारण से अब गर्मी के साथ साथ हल्की ठंड का भी एहसास होगा। वहीं बारिश के भी आसार बन रहे हैं। एक दो दिन में बारिश हो सकती है। जिसको लेकर मौसम विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। पिछले कुछ दिनों से मौसम में परिवर्तन दिख रहा है। दिन में ठंडी हवाएं चलने लगी हैं। वहीं, आसमान में काले बादल भी छाने लगे हैं। ठंडी हवाएं चलने से लोगों को गर्मी का एहसास नहीं हो रहा है। हाल के दिनों में निकल रही धूप की वजह से दिन के समय तापमान 33 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 15 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। अब फिर से मौसम में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग द्वारा एक दो दिन में बारिश होने की संभावना को व्यक्त किया है। हल्की या फिर तेज बारिश हो सकती है। ऐसे में अगर बारिश होती है तो सबसे अधिक गेहूं की फसल प्रभावित होगी। ऐसी स्थिति बनने पर कृषि विभाग ने भी फसलों में सिंचाई न करने की सलाह किसानों को दी है।

# खेत में खूंटा गाड़ने का विरोध करने पर हत्या की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ● पुलिस ने नहीं की कार्रवाई तो कोर्ट की शरण में गया किसान
- ● कोर्ट के आदेश पर पांच लोगो के खिलाफ हुई रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** खेत में खूंटा गाड़ने का विरोध करने पर पांच लोगों ने एक किसान को पीटा। हत्या की नीयत से फायर किया। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेजा लेकिन कार्रवाई नहीं हुई तो वह कोर्ट गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बरारा निवासी अजयपाल पुत्र रामनिवास ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव निवासी सौदान, महेंद्र, भारत, घनपाल और ओम सिंह गिरोह चलाकर गांव में आए दिन घटनाएं करते रहे हैं। वह लोग 15 अगस्त 2023 सुबह लगभग सात बजे अजयपाल अपने खेत में खंटा गाड़ रहे हैं। उसने विरोध किया। आरोप है कि सौदान ने तमंचा निकाला और हत्या की नीयत से उनके ऊपर फायर कर दिया। वह बच गए। इस दौरान गांव के कुछ लोगों को देखकर भाग गए। पीड़ित ने 8 सितंबर 2023 को एसएसपी कार्यालय शिकायती पत्र भेजा लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते कोर्ट की शरण में गए। कोर्ट के आदेश पर आरोपी सौदान, महेंद्र, भारत, धनपाल और ओम सिंह पर कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# नई व्यवस्थाः चौराहों पर लगा जाम तो कंट्रोल रूम से भेजा जाएगा पुलिस बल

## जिले के पांच चौराहों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे, दो पर शुरू हुआ काम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के मुख्य चौराहों पर अक्सर ही जाम लग जाता है। वहां तैनात होमगार्ड और यातायात पुलिसकर्मी कई बार जाम खत्म नहीं करा पाते। राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब जाम से निजात के लिए नई व्यवस्था शुरू होने जा रही है। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित यातायात पुलिस कार्यालय में बैठे अधिकारी, कर्मचारियों को चौराहे पर लगने वाले जाम की सूचना मिल जाएगी। शहर के पांच मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें से दो पर लगाए जा चुके हैं। कार्यालय में कंट्रोल रूम बनेगा। जहां से चौराहों की निगरानी की जाएगी।

> शहर के पांच चौराहे और तिराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। दो जगह लगाए भी जा चुके हैं। कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। यहां बैठकर सभी चौराहों के यातायात पर निगरानी रखी जागी। चौराहे और तिराहे पर जाम लगने पर तत्काल आवागमन दुरुस्त कराया जाएगा।
>
> – **रामसेवक राठौर**, टीएसआई

शहर के लालपुल तिराहा, जालंधरी सराय चौराहा, कलेक्ट्रेट तिराहा, भामाशाह चौक, डिपो चौराहा, लाबेला चौक आदि पर वाहनों की लाइन लग जाती है। वाहनों के बेतरतीब चलने की वजह से लोगों को जाम में खड़ा रहना पड़ता है। जाम खुलवाने के लिए चौराहे पर तैनात होमगार्ड और यातायात पुलिस खासी मशक्कत करनी पड़ती है। जिसके चलते चौराहों पर आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया है। शहर के चौराहा लालपुल,

- **रिजर्व पुलिस लाइन में बना कंट्रोल रूम, एलईडी से निगरानी करेंगे अधिकारी**

कलेक्ट्रेट तिराहा, भामाशाह चौक, डिपो चौराहा और इंद्राचौक पर कैमरे लगाए जाने की तैयारी है। लालपुल और कलेक्ट्रेट तिराहे पर कैमरे लगाए जा चुके हैं। सभी के लिए बिजली का कनेक्शन लिया जाएगा। जो 24 घंटे कार्य करेंगे। कैमरों की सुरक्षा चारों ओर जाल लगाकर की जाएगी। कार्यालय में कंट्रोल रूम के लिए 75 इंच की


कलेक्ट्रेट तिराहे पर खंभे पर लगे सीसीटीवी कैमरे। ● अमृत विचार

एलईडी और अन्य सेटअप तैयार किया जाएगा। चौराहे पर जाम लगने पर कार्यालय से अन्य पुलिस बल चौराहे पर भेजकर जाम खत्म कराया जाएगा।

# निजी स्कूल की फीस वृद्धि पर दी चेतावनी

**करियामई, अमृत विचार :** कस्बे के एक निजी स्कूल में की गयी फीस वृद्धि के विरोध में ग्रामीणों ने बैठक कर स्कूल प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि फीस वृद्धि वापस नही ली गयी तो वे बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर देंगे।रविवार को गांव के लोगों ने एक बैठक की। बैठक में कहा गया कि कस्बे का एक निजी स्कूल चार साल से अधिक के बच्चों से अधिक फीस वसूली रहे। इस साल स्कूल प्रशासन ने उक्त फीस में दो हजार की और वृद्धि कर दी है। इससे अभिभावकों के पसीने छूट रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि स्कूल प्रशासन बढ़ी हुई फीस वापस नहीं लेता है तो लोग अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। ग्रामीणों ने कहा है कि फीस वृद्धि वापस नही ली गयी तो वह लोग बच्चों को स्कूल से हटा लेंगे। अभिभावक राजेंद्र प्रसाद, मनवीर शाक्य, रामकुमार पाराशरी, बाबू सिंह मीणा, सुरेश चंद्र मिश्रा, मनोज मिश्रा आदि रहे। बीईओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है। लिखित शिकायत आती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# गांव में कहां रखें होलिका जब जमीन पर है कब्जा

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव सरेली में होलिका दहन स्थल पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। ऐसी स्थिति में गांव में अब तक होलिका नहीं रखी जा सकी है। जबकि 15 पूर्व एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल ने निरीक्षण कर कब्जायुक्त स्थल को होलिका दहन स्थल घोषित किया है। स्थल होलिका दहन के नाम से अभिलेखों में दर्ज है। ग्रामीणों के बार बार शिकायत करने पर भी कानूनगो और पुलिस जमीन को कब्जा मुक्त नहीं करा पा रहे हैं। बल्कि आचार संहिता का हवाला देकर ग्रामीणों को टहला रहे हैं।

कुछ दिन पूर्व सरेली पुख्ता गांव के रामदास, रामवीर, अजयपाल, सतीश, मुकेश, अशोक, उदयवीर समेत दर्जनभर से अधिक ग्राम वासियों ने एसडीएम से शिकायत की थी। कहा कि गांव में होली दहन स्थल पर कुछ लोगों ने कब्जा कर निर्माण कर लिया है। इस पर एसडीएम ने लेखपाल

> जिस भूमि को ग्रामीण होलिका दहन स्थल बता रहे हैं। उसे चुनाव बाद मुक्त कराया जाएगा। गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए यह कदम उठाया गया है। ग्रामीणों को थाने बुलाकर यही बात समझाई गई है। रही बात होली रखे जाने की तो यह समय निकल चुका है। कहीं भी उपले और लकड़ी रखकर होली जलाई जा सकती है। – **भगवान दास**, कानून गो तहसील दातागंज

को मौके पर भेजकर स्थिति जानने के आदेश दिए थे। लेखपाल के मौके पर पहुंचने पर होलिका दहन स्थल पर निर्माण चल रहा था। जिसे उनके द्वारा रुकवाया गया। साथ ही जल्द ही भूमि को कब्जा मुक्त करने का उनके द्वारा आश्वासन दिया गया लेकिन आज तक भूमि कब्जा मुक्त न हो सकी। ऐसी स्थिति में गांव में अब तक होली नहीं रखी जा सकी है। ऐसी स्थिति में गांव के अंदर तनाव है। ग्रामीण रामदास, रामवीर आदि ने बताया कि भूमि को कब्जा मुक्त कराने के स्थान पर कानून गो ने होली बाद जमीन कब्जा मुक्त कराने को बोला है।

# कोतवाली गेट पर युवती का शव रखकर परिजनों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवादाता, बदायूं

- **कोतवाली दातागंज क्षेत्र के एक मोहल्ला का है मामला**
- **दिल्ली में हादसे के बाद युवती की चली गई थी जान**
- **प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने दिया कार्रवाई का आश्वासन**

**अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती 13 मार्च को अपने पड़ोस में रहने वाले युवक के साथ दिल्ली चली गई थी। उसकी तलाश की मगर कोई सूचना नहीं मिली। इस पर युवती के परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले नरेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

बताया जाता है कि शनिवार को युवती दिल्ली में दुकान से सामान लेने जा रही थी। इसी दौरान ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। युवती की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर उसके परिजन दिल्ली गए। दिल्ली में पोस्टमार्टम के बाद रविवार को शव लेकर कोतवाली दातागंज पहुंचे। युवती के परिजनों ने कोतवाली गेट पर शव रखकर प्रदर्शन किया। युवती को लेकर जाने वाले युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। परिजनों का कहना था कि समय रहते कार्रवाई होती तो आज ऐसा दिन देखने को नहीं मिलता। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे परिजनों को पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया जिस पर परिजन लौट गए।

# दूसरे दिन 20,829 उत्तर पुस्तिकाओं का किया गया मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन ने रविवार को गति पकड़ ली। सभी केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 20,829 हजार से अधिक उत्तर पुस्तिकाएं जांची गईं। दो दिनों में शिक्षकों द्वारा 31,946 कॉपियां चेक की जा चुकी हैं। पहली बार स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो रहा है।

शनिवार से मूल्यांकन कार्य शुरू हो चुका है। दूसरे दिन भी कई परीक्षक उत्तर पुस्तिकाएं जांचने नहीं पहुंचे। मूल्यांकन के दूसरे दिन इस्लामिया इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 3456 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गईं। एसके इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 11693 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की 4227 और बीडीएम राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में 7010 उत्तर पुस्तिकाओं का परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन कार्य किया गया। परीक्षकों द्वारा दो


कॉपियां चेक करतीं परीक्षक। ● अमृत विचार

- **अब तक 31,946 उत्तर पुस्तिकाओं का शिक्षकों ने किया मूल्यांकन, कई शिक्षक रहे अनुपस्थित**

दिनों में 31,946 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया चुका है। इन केंद्रों पर नियुक्त कई परीक्षक उत्तर पुस्तिकाएं जांचने नहीं पहुंचे।

मूल्यांकन कक्षों में सीसीटीवी कैमरे संचालित हैं। मूल्यांकन शुरू हो जाने के साथ ही जिला विद्यालय डॉ प्रवेश कुमार ने मूल्यांकन केंद्रों पर जाकर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगी है वह हर हाल में केंद्रों पर पहुंचकर योगदान करें। अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

डीआईओएस ने बताया कि प्रतिदिन हाईस्कूल के परीक्षक को अधिकतम 50 उत्तर पुस्तिकाएं और इंटरमीडिएट के परीक्षक को अधिकतम 45 उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के निर्देश बोर्ड की ओर से दिए गए हैं। मूल्यांकन का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। कोई भी परीक्षक शाम पांच बजे से पहले केंद्र नहीं छोड़ेगा।

## घूंघट की आड़ में नवसाक्षरों ने दी परीक्षा


परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण करतीं बीएसए। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार :** जिले में नव भारत साक्षर कार्यक्रम के तहत रविवार को परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें पढ़ना लिखना अभियान के दौरान साक्षर हुए नवसाक्षरों ने बढ़-चढ़ कर उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। परीक्षा में 478 नवसाक्षर अनुपस्थित और 8665 उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान बीएसए स्वाती भारती ने केंद्रों का भ्रमण किया। नवभारत साक्षर अभियान के तहत 15 से अधिक वर्ग के निरक्षरों को साक्षर बनाया गया। जिले में बनाए गए विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा कराई गई। परीक्षा में 9491 नवसाक्षर पंजीकृत थे। इनमें से 8665 नवसाक्षर उपस्थित रहे। वहीं, 478 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान बीएसए स्वाती भारती संविलियन विद्यालय सिकरापुर पहुंचीं। उनके द्वारा परीक्षा का जायजा लिया गया। परीक्षा बीईओ, एआरपी एवं ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा कराई गई।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जॉंच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

# चौपाल में कांग्रेस वक्ताओं ने किसानों को दी 5 गारंटी

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचारः** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह की अध्यक्षता में बिसौली विधानसभा के ग्राम सिसरका में किसान न्याय चौपाल लगा कर किसानों से संवाद किया। मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव रजनी सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों को एमएसपी की गारंटी दी है। सरकार बनने पर सबसे पहले किसानों की मांग पूरी की जाएगी।

सिसरका में किसान न्याय चौपाल में रविवार को जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि कांग्रेस किसानों को एमएसपी की गारंटी देगी। हम पांच घोषणाएं कर रहे हैं। कांग्रेस स्वास्थ्य के अधिकार कानून की गारंटी देती है। 400 रुपये प्रति दिन की राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देती है। शहरी क्षेत्रों के लिए एक रोजगार गारंटी अधिनियम लाएगी। सभी असंगठित श्रमिकों के लिए जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा सहित व्यापक


सिसरका में किसान न्याय पंचायत में बोलते जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह।

सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दी है। मोदी सरकार द्वारा पारित श्रमिक-विरोधी लेबर कोड्स की व्यापक समीक्षा और श्रम के अधिकारों को मजबूत करने के लिए उपयुक्त संशोधन करने की गारंटी दी है। कार्यक्रम का संचालन यूनुस अली ने किया। मुख्य रूप से जिला महासचिव इगलास हुसैन, सोमेंद्र यादव, नरेशपाल, नरेंद्र कठेरिया, डीके पाल, देवेंद्र चौहान, सोनपाल शाक्य, मीणा शाक्य, सरताज खान, मुन्नवर, भूरे, लोकपाल आदि मौजूद रहे।

# माज रजा ने इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा की उत्तीर्ण

**बदायूं, अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला सोथा निवासी माज रजा ने प्रथम प्रयास में आईईएस (इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस ) की परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की है। परीक्षा में उन्हें 38वीं रैंक प्राप्त हुई है। माज रजा की सफलता पर परिजनों ने खुशी का इजहार किया है। माज रजा पुत्र खालिद रजा ने शहर के डी पॉल स्कूल से दसवी की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने एएमयू से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। साथ ही वहीं से बीटेक किया। इसके बाद दिल्ली में कोचिंग की। वहीं से उन्होंने आईईएस के लिए आवेदन कर दिया। रविवार को आईईएस का परिणाम घोषित हुआ है। इसमें उन्होंने 38 वीं रैंक हासिल कर परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस सफलता पर पिता खालिद रजा और मां रुबिना हबीब हमीदी ने खुशी का इजहार किया है।


माज रजा।

# इंडिया गठबंधन की बैठक में लिया जीत का संकल्प


बैठक में जीत का संकल्प लेते सपा-कांग्रेस नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन में शामिल सपा और कांग्रेस प्रत्याशियों की बैठक सपा के जिला कार्यालय पर हुई। बदायूं लोकसभा सीट पर जीत के लिए साझा रणनीति बनाई और संकल्प लिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव से कांग्रेस पदाधिकारियों का परिचय कराया और सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव के साथ तय किया कि विधानसभा स्तर पर दोनों दलों के नेताओं की संयुक्त बैठक होंगी।

आदित्य यादव ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। बदायूं लोकसभा सीट को भारी अंतराल से जिता कर दिखाएंगे। कांग्रेस प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप, प्रदेश सचिव रजनी सिंह, शहर अध्यक्ष असरार अहमद, बफाती मियां, पीसीसी सदस्य डॉ. राम रतन पटेल, सतीश मिश्रा ने भी संबोधित किया। जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह एडवोकेट, वीरेश तोमर, सुरेश राठौड़, महासचिव इगलास हुसैन, उपासना सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता सिंह, युवा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह, बिल्सी नगर अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, वजीरगंज नगर अध्यक्ष सोमपाल शाक्य, सलारपुर अध्यक्ष मोरध्वज राजपूत, जगत अध्यक्ष सोनपाल सिंह व अन्य कांग्रेसी रहे।

# 1907 में लगा था स्काउटिंग का पहला शिविर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास महाविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय स्काउट गाइड स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स के चौथे दिन बीएड प्रशिक्षुओं को झंडी संकेत, गांठे-बंधन, प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग दी गई।

प्रभारी स्काउट गाइड प्रोफेसर मनवीर सिंह ने स्काउट ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि युवा अपनी शक्ति का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें। चुनौतियों को स्वीकार कर महान लक्ष्य पाएं। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडन पावेल ने 1900 में दक्षिण अफ्रीका में हुए युद्ध में बालकों की असीम शक्ति, अदम्य साहस, कर्तव्य परायणता देखी। लार्ड बेडन पावेल को विश्वास हो गया कि बालक युद्ध और शांति काल दोनों में संसार को लाभ पहुंचा सकते हैं।उन्होंने बालकों में छिपी असीम शक्ति और विश्वास को पहचाना। 1907 में इंग्लैंड के ब्राउन्सी द्वीप पर 20 बालकों का शिविर लगाकर स्काउटिंग का श्री गणेश किया। इस मौके पर कमल किशोर गुप्ता, शिल्पी सिंह, परीप्सा, मानसी, सोनम, महिमा, संगीता, कुसुम, प्रशांत, मोहित, प्रदीप कुमार, अभिषेक सिंह, शुभम सिंह, रोहित भारद्वाज, निर्देश, कमल बाबू, श्याम मौर्य, अरविंद, राजकमल, नितिन आदि मौजूद रहे।


स्काउट गाइड को उपचार की ट्रेनिंग देते प्रोफेसर मनवीर सिंह। ● अमृत विचार

# कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव का किया वर्णन

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम वनबेहटा के शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास यतेंद्र ठाकुर महाराज ने वामन अवतार, समुद्र मंथन व कृष्ण जन्म की कथा सुनाई और धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथा व्यास ने चौथे दिवस की कथा में वामन अवतार, समुद्र मंथन, कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया। कथा के दौरान महिलाओं ने श्रीकृष्ण आरती भी की। इस मौके राजीव सिंह, रनवीर सिंह चौहान, यादराम शाक्य, अरुण सिंह, दिग्विजय सिंह, संदीप आदि रहे।

खबरें पेज आठ पर भी...

## शहर में आज

- खाटू श्याम मित्र मंडल द्वारा निशान यात्रा की शुरुआत शहर के रूप कांप्लैक्स से सुबह आठ बजे से।
- भारतीय किसान यूनियन टिकैत का समस्याओं को लेकर सलेमपुर बिजली घर पर धरना प्रदर्शन सुबह 11 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- अग्रसेसन सेवा समिति द्वारा होली मिलन समारोह सोरों गेट स्थित कैंपस में रात आठ बजे से।
- डीडू माहेश्वरी युवक मंडल द्वारा होली मिलन समारोह रेलवे रोड स्थित गंगा देवी भवन में रात आठ बजे से।

# तरौरा इंडस्ट्रियल एरिया में गंदगी की भरमार

## मुसीबत झेल रहे लोग, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, सफाई न कराने से बीमारियों का खतरा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


गांव तरौरा में नाले में उफना रही गंदगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मौसम का परिवर्तन है इस बीच गंदगी लोगों की जान के लिए खतरा बन रही है। संक्रामक रोगों को बढ़ावा मिल रहा है। सबसे बुरा हाल गांव तरौरा के समीप इंडस्ट्रियल एरिया का है। जहां चारों तरफ गंदगी और दलदल है। लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

रेलवे लाइन के किनारे गंदा पानी की निकासी का रास्ता नहीं है। ऐसे में इंस्डट्रियल एरिया और गांव तरौरा से आने वाला पानी इसी क्षेत्र में जमा हो रहा है जो धीमे-धीमें दलदल में तब्दील हो जाता है। तमाम गंदगी यहां पड़ी रहती है और साफ-सफाई नहीं होती। जिससे मच्छर पनप रहे हैं। इससे संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ रहा है। जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं ऐसे में लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है और वे आंदोलन की चेतावनी दे रहे है। क्योकि मौसम के बदलाव के साथ ही रोगों का खतरा बढ़ रह है। गंदगी और दल-दल से काफी दुर्गंध उठ रही है। जिससे राह निकलना दूभर हो रहा है। यहां से निकलते समय लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा रहा है।

> जानकारी करेंगे कि यहक्षेत्र में है तो संबंधित ग्राम पंचायत को निर्देश जारी कर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। – **देवेंद्र सिंह**, डीपीआरओ



> हमने शिकायत भी की। ग्राम पंचायत और नगर पालिका में शिकायत की गई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। – **नफीस अहमद**, क्षेत्रीय वाशिंदे



> क्षेत्र में गंदगी और दलदल है। साफ सफाई नहीं होती है जिससे समस्या हो रही है। इस ओर ध्यान दिया जाए। – **हर्षित बंसल**, क्षेत्रीय वाशिंदे



> गंभीरता से इस ओर ध्यान नहीं दिया जाएगा। तब तक समाधान नहीं हो सकेगा। मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। – **आजाद**, क्षेत्रीय वाशिंदे



> गंदगी के कारण संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ रहा है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। बीमारी से सेहत खराब हो सकती है। – **प्रदीप** माहेश्वरी, क्षेत्रीय वांशिदें

## पांच जुआरी व पांच सटोरिए पकड़े, 21800 रुपये सट्टा पर्ची बरामद

**कासगंज।** एएसपी राजेश कुमार भारती के पर्यवेक्षण में चलाए गए अवैध जुआ, सट्टा अभियान के क्रम में सदर कोतवाली के इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने सूरज निवासी सहावर गेट, श्रीनिवास निवासी धंतोरिया, रहीश अहमद निवासी बड्डूनगर, सागर अग्रवाल निवासी मुहल्ला नाथूराम सूत मंडी, आकाश निवासी लवकुश नगर को जुआ खेलते पकड़ा। 19550 रुपये बरामद किए। थाना ढोलना पुलिस के इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने सट्टे की खाईबाड़ी करते छोटू, बबलू निवासी बिलराम एवं शंकर, नेत्रपाल निवासी गांव सुजातगंज थाना ढोलना को गिरफ्तार किया है। 950 रुपये व सट्टे की पर्चियां बरामद कीं। थाना गंजडुंडवारा के इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने सट्टे की खाईबाड़ी में विद्याराम निवासी बहोरनपुर को पकड़कर 1300 रूपये व सट्टे की पर्चियां बरामद कीं।

# पूर्व सपा सांसद देवेंद्र यादव ने थामा भाजपा का दामन


बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- प्रदेश मुख्यालय पर डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष ज्वाइन की भाजपा

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व सांसद देवेंद्र यादव ने भाजपा का दामन थामा है। भाजपा मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम के समक्ष वे भाजपा में शामिल हो गए।

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। इस बीच जिले में एक बड़ा सियासी बदलाव हुआ। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद देवेंद्र यादव लखनऊ पहुंचे। वहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, एटा के सांसद राजवीर सिंह राजू भईया के समक्ष भाजपा में शामिल हो गए।

वैसे तो दो दिनों से सोशल मीडिया पर चर्चा थी लेकिन फोटो वायरल होते ही स्थिति साफ हो गई। सपा नेता देवेंद्र यादव, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस में भी रह चुके हैं और इन दोनों ही पार्टियों से वे चुनाव भी लड़ चुके है। हालांकि बाद में फिर से सपा में आ गए थे।

## एक नजर

### यूडीआईडी कार्ड की बैठक आज

**कासगंज।** जिलाधिकारी सुधा वर्मा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति एवं यूडीआईडी कार्ड की बैठक सोमवार दोपहर 12 बजे से होगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश चंद्र ने समिति के सभी सदस्यों को बैठक में समय से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज।** कोतवाली गंजडुंडवारा इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि शादाव निवासी ग्राम सुजावलपुर थाना गंजडुंडवारा को गिरफ्तार कर तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के विरुद्ध आयुध अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चुनाव, त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क

संवाददाता, पटियाली


कस्बा पटियाली में पुलिस एवं आईटीबीपी के जवानों के साथ पैदल मार्च करते तहसीलदार जितेंद्र कुमार एवं इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा। ● अमृत विचार

- आईटीबीपी एवं पुलिस के जवानों ने कस्बा पटियाली में किया फ्लैग मार्च

**अमृत विचार:** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कस्बा पटियाली में प्रशासन एवं पुलिस ने आईटीबीपी के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया। लोगों से त्योहारों एवं चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

डीएम सुधा वर्मा एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर रविवार को तहसीलदार पटियाली जितेंद्र सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गोविंद बल्लभ शर्मा ने आईटीबीपी के जवानों के साथ कस्बा व गांव में फ्लैग मार्च किया। पैदल मार्च करते हुए शांति बनाए रखने की अपील की। कहा कि अगर किसी ने माहौल बिगड़ने का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान अफवाहों से बचने को जागरूक किया। चुनाव में मतदान करने को आम जनमानस को प्रेरित किया गया। दस दौरान उपनिरीक्षक प्रदीप मलिक, इंद्रेश गौतम सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# ऑनलाइन लेनी होगी नामांकन, रैली की परमिशन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक
- ऑनलाइन व्यवस्था के संबंध में दी गई आवश्यक जानकारी

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिले के सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। डीएम ने राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता, उम्मीदवारों का चुनावी व्यय तथा चुनाव संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए बनाई गई ऑनलाइन व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। उम्मीदवार के चुनावी खर्च व सुविधा पोर्टल के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्भीक तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा। सभी राजनैतिक दल आदर्श आचार संहिता का पालन संबंधी चुनाव आयोग के जो निर्देश दिए गए हैं उसका अध्ययन जरूर कर लें और अनुपालन सुनिश्चित करें। निर्वाचन को सुचिता पूर्ण तरीके से करवाने के लिए नौ एफएसटी टीम (उड़न दस्ते) जीपीएस लगी हुई गाड़ी सहित, स्थैतिक निगरानी टीम की संख्या 10 वीडियो ग्राफी टीमें भी लगायी गयी हैं। किसी प्रकार की निर्वाचन संबंधी शिकायत होने पर कंट्रोल रुम नम्बर 1950, 5744297228 व 5744272105 पर कॉल कर सकते हैं।

उन्होंने सी.विजिल, ई-सुविधा पोर्टल, तथा इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में जानकारी दी। उम्मीदवार के द्वारा नामांकन एवं रैली, जनसभा आदि के परमिशन के लिए चुनाव आयोग द्वारा की गयी ऑनलाइन व्यवस्था के बारे बताया। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी उम्मीदवार का क्रिमिनल बैकग्राउंड है तो तीन बार प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में उसे निर्वाचन आयोग की नियमानुसार प्रसारित करवाया जाए। पोस्टर एवं पंपलेट छपवाने में प्रिंटर और पब्लिशर का नाम, कितना प्रकाशित किया जा रहा है उसकी संख्या जरूरी होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि इस बार निर्वाचन में दिव्यांग व 85 प्लस के वोटरों को फॉर्म 12 डी के माध्यम से उनकी लिखित सहमति मिलने पर उनके घर पर जाकर वोटिंग करवायी जाएगी। नामांकन करने के साथ ही एक अलग बैंक अकाउंट खुलवाएं और सभी व्यय उसी से करें और खर्च का रजिस्टर भी मेनटेन करें। एक्सपेंडिचर ऑब्ज़र्वर द्वारा रजिस्टर का इंस्पेक्शन किया जाएगा और वास्तविक खर्चे से विसंगति पाये जाने पर उनके विरुद्ध आवश्यक कर्यवाही की जाएगी। एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश पटेल सहित संबंधित अधिकारी एवं सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# हरथरा मार्ग पर डामरीकरण करना भूल गए ठेकेदार

संवाददाता, अमांपुर


गांव हरथरा में मार्ग पर दो साल पहले डाली गई गिट्टियां।

- ग्रामीणों का आरोप, मार्ग पर सालों से पड़ी हैं गिट्टियां
- राहगीरों को उठानी पड़ रही परेशानी, नहीं हो रहा निराकरण

**अमृत विचार :** विकास खंड क्षेत्र के हरथरा गांव के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। प्रशासन इस गांव की कोई सुध नहीं ले रहा है। अमांपुर से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर बसे इस गांव की आबादी ढाई सौ परिवारों की है। यहां बुनियादी सुविधाएं न होने से लोगों को तमाम परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

गांव के मुख्य मार्ग पर यात्रा करना मुश्किलों से भरा है। इसका कारण है कि बीते दो सालों से इस मार्ग पर गिट्टी डालकर छोड़ दी गई है। सड़क का निर्माण कार्य न होने से लोगों को इस मार्ग पर आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गिट्टिया सड़क पर बिछी हुई है। जिससे यहां से गुरजने वाले वाहनों में लोग हिचकोले खाने को मजबूर है। सड़क का निर्माण दो साल में भी पूरा नहीं हो सका है। इसके चलते राहगीर और छोटे वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। यह मार्ग जखा, चौपारा, हुंडा, नगला तुस्सी गांव को भी जाता है। हरथरा गांव को जाने वाले डेढ़ किलोमीटर के मुख्य मार्ग पर दो वर्ष पूर्व गिट्टियां डाली गई थीं। लेकिन मुख्य मार्ग पर आज तक डामरीकरण नहीं कराया गया है। ठेकेदार की मनमानी के चलते इस सड़क पर गिरकर रोज लोग चोटिल हो रहे हैं। गांव के आचार्य विशुद्धनन्द सरस्वती महाराज, आचार्य ब्रजेश वाशिष्ठ, हरिशंकर वशिष्ठ, आचार्य शंकर वाशिष्ठ, राघव किशोर वशिष्ठ, आदित्य वशिष्ठ, सुभाष वशिष्ठ, अतुल वशिष्ठ, आशीष वशिष्ठ, अनिल वशिष्ठ, अखिलेश वशिष्ठ, ज्ञानेश वशिष्ठ का कहना है कि पिछ्ले दो सालों से कार्य ठप है। गिट्टियां डालकर डामरीकरण करना विभाग भूल गया है। ग्रामीणों ने डीएम से सड़क निर्माण करने की मांग की है।

> गिट्टियां पड़ी होने से लोगों को इस मार्ग से गुजरने में खासी दिक्कतों का सामना करना होता है। अक्सर साइकिल और दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं। – **अवनीश वाशिष्ठ**, ग्रामीण

> इसी मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चों का आना-जाना होता है। जिससे उन्हें खासी परेशानी होती है। मुख्य मार्ग पर गिट्टियां पड़ी होने से मार्ग पर वाहन तो क्या पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। –**आचार्य विश्वनाथ वशिष्ठ**

## अवैध शराब बरामद छह आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना ढोलना पुलिस ने बाबूराम निवासी बड़ा गांव उर्फ बरौली थाना ढोलना को गिरफ्तार कर 28 क्वार्टर अवैध देसी शराब के बरामद किए। थाना अमांपुर पुलिस ने हरवीर निवासी ग्राम आनंदपुर को 25 पव्वा अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। सोरों कोतवाली पुलिस ने 10 लीटर अवैध शराब के साथ विजय साहू निवासी गंगागढ़, प्रेमपाल निवासी नगला रामचन्द्र को पकड़ा है। सदर कोतवाली पुलिस ने विनोद कुमार निवासी ग्राम नगला अंडउआ के कब्जे से 24 क्वार्टर शराब के बरामद किए हैं। सुन्नगढ़ी पुलिस ने रामदास निवासी ग्राम जलालपुर के कब्जे से 24 क्वार्टर शराब के बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धारा के तहत कार्रवाई जारी है।

# नवजात की मौत, चिकित्सक पर आरोप

संवाददाता, सोरों जी


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरों में जांच को पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

- परिजनों ने अभद्रता का आरोप लगा पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरों में प्रसव के बाद नवजात की हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया है। परिजनों ने चिकित्सकों पर मनमानी और अभद्रता का अरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की है। गांव नमैनी निवासी सत्येंद्र कुमार की पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई। प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरों में भर्ती कराया। जहां उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन बच्चे की हालत काफी बिगड़ी थी। चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन बालक को लेकर सोरों अस्पताल पहुंचे। आरोप है कि यहां तैनात चिकित्सक ने अभद्रता की। परिजनों ने आक्रोश जताया और पुलिस को सूचना। सूचना पर सोरों कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू की। सत्येंद्र ने पुलिस को तहरीर दी है।

> प्रसव के बाद नवजात की मौत की जानकारी मिली। तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। तहरीर प्राप्त कर ली है। जांच कर रहे हैं। –**भोजराज अवस्थी** इंस्पेक्टर

> अभी किसी ने हम से कोई लिखित शिकायत नहीं की है। शिकायत मिलती है तो जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी। – **डा. राजीव अग्रवाल**, सीएमओ

# सर्वर डाउन की समस्या से नहीं हो सका राशन वितरण

संवाददाता, गंजडुंडवारा


सर्वर डाउन के कारण कस्बे के वेद प्रकाश वितरक के यहां खडे.उपभोक्ता।

- नाराज और परेशान होकर वापस लौटे उपभोक्ता
- 15 मार्च राशन वितरण की तिथि की गई थी निर्धारित

**अमृत विचार :** होली पर्व नजदीक है और कस्बे में 15 मार्च से राशन वितरण की तिथि निर्धारित थी लेकिन दुकानों में ई-पॉस मशीन सर्वर डाउन होने की वजह से नहीं चली, जिससे परेशान होकर उपभोक्ताओं को वापस लौटना पड़ा। हालात यह है कि दुकान संचालक दुकान खोल कर बैठ हैं और उपभोक्ता ई-पॉश मशीन के चालू होने का इंतजार करते-करते वापस हो गए। उपभोक्ताओं में नाराजगी देखने को मिली।

कस्बे के सभी राशन वितरकों की दुकानों में ई पॉश मशीन में सर्वर की समस्या चल रही है। जिसके चलते उपभोक्ता दुकानों का सुबह-शाम चक्कर लगा रहे हैं लेकिन सर्वर की समस्या दूर नहीं होने के कारण इनको राशन उपलब्ध नहीं हो रहा है। वहीं दुकान संचालक वेद प्रकाश का कहना है कि यह समस्या वितरण के पहले ही दिन से चल रही है जिसके चलते अब तक केवल 15 लोगों का ही राशन का वितरण किया जा सका है। जिससे उपभोक्ताओं के साथ-साथ दुकान संचालक भी परेशान हैं। वहीं विभाग द्वारा इस माह से ई-वेइंग मशीन द्वारा वितरण की प्रक्रिया को शुरू किया गया है और ई वेइंग मशीन को ई पॉस मशीन से जोड़ा गया है। जिससे वितरण में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

> सर्वर डाउन की समस्या पूरे जिले में है। 29 मार्च तक राशन वितरण होना है। अब भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। शिकायत मिलने पर तुरंत छापेमार कार्रवाई की जाएगी। –**भारत साधियान**, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक

### ई-वेइंग मशीन बनी सिरदर्द

**सिरदर्द:** शासन ने उचित दर विक्रेताओं को मार्च से ई-वेइंग मशीन से राशन वितरण करने के आदेश दिए हैं। दुकानदारों को मशीन भी उपलब्ध करा दी गई है। मशीन से कांटे को लिंक किया गया है। प्रशिक्षण के बाद भी कोटेदारों के सामने समस्या बनी हुई है। दुकानदारों का कहना है कि ई-वेइंग मशीन से राशन वितरण करना संभव नहीं हो पा रहा। एक कार्ड पर 15 से 20 मिनट लग रहे हैं। ऐसे में कार्डधारकों का आक्रोश भी झेलना पड़ता है। साथ ही अन्य कई समस्याएं भी सामने आ रही हैं।

## रोजगार मेले का आयोजन 20 को

**कासगंज।** राजकीय आईटीआई के तत्वाधान में 20 मार्च को मां रामवती प्राइवेट आईटीआई बांकनेर कासगंज में रोजगार मेले लगाया जाएगा। मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटर पास बालिकाओं तथा फिटर, मोटर, मैकेनिक, इलैक्ट्रिशियन, मशीनिष्ट, टर्नर, वायरमैन, वैल्डर तथा आरएसी व्यवसायों में 18 से 23 वर्ष आयु वर्ग के आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। प्रधानाचार्य आईटीआई ज़हीर आलम ने बताया है कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ पहुंचे।

# अराजक तत्वों की दें सूचना, होगी कठोर कार्रवाई

संवाददाता, सोरोंजी



बैठक में एएसपी राजेश भारती, एसडीएम संजीव कुमार, पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे।

- आपसी सौहार्द के साथ सभी मिलजुलकर मनाएं होली

**अमृत विचार :** सोरों कोतवाली में रविवार की शाम को तीर्थ नगरी के सभ्रांत नागरिकों के साथ एसडीएम एवं एएसपी ने शांति समिति की बैठक हुई। एएसपी ने आपसी सौहार्द के साथ आगामी पर्वों को मनाने की अपील की। एएसपी ने लोगों से कहा कि अराजक तत्वों की सूचना पुलिस को दें। कठोर कार्यवाही की जाएगी।

एएसपी राजेश कुमार भारतीय ने कहा कि होली में रंग डालने को लेकर जो विवाद हो जाता है। उस पर सभी ध्यान दे। शरारती तत्वों कि सूचना पुलिस को दें। विगत वर्षो मे कही कोई विवाद रहा हो तो उसकी जानकारी से भी अवगत कराया जाए। एसडीएम सदर संजीव कुमार ने कहा कि क्षेत्र में होली को लेकर कोई परेशानी विवाद है तो उसकी जानकारी दें। परंपरागत स्थानों पर ही होलिका दहन करें। सीओ सिटी अजीत चौहान ने कहा कि होली का स्थान बदला नहीं जाएगा। होली आपसी भाई चारे का त्यौहार है सभी मिल जुल कर मनाएं। क्षेत्र मे कही अवैध शराब की बिक्री हो रही हो तो उसकी तत्काल सूचना दें। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भोजराज अवस्थी, पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे, अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार, सुनील कुमार तिवारी मुस्तफ़ा कामिल एडवोकेट, कमाल खा, प्रधान मनोज यादव, रितेश द्विवेदी, देवीलाल तिवारी, शुभम दुबे, राजा सक्सेना, मोहकम प्रधान, हेमंत त्रिगुणायत, विनीत गुप्ता, राजेंद्र तिवारी, बबलू पंडित, नंदकिशोर शर्मा मौजूद रहे।

## तीन वारंटी गिरफ्तार कोर्ट के समक्ष किए पेश

**कासगंज, अमृत विचार:** जिले में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। अमांपुर थाना पुलिस ने वारंटी चीनी निवासी मुहल्ला सुभाष नगर अमांपुर एवं विजेंद्र निवासी गा्रम अरहरपुर को गिरफ्तार किया है। वहीं थाना सुन्नगढ़ी पुलिस ने शशिवीर सिंह निवासी गांव उलाई खेड़ा को गिरफ्तार किया है। सभी वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**चुनावी हलचल** | तीनों विधान सभा क्षेत्रों में 163952 हैं बुजुर्ग मतदाता, निभाएंगे अहम भूमिका

# लोस चुनाव में जीत को बुजुर्गों का आशीष जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



| विधान सभा क्षेत्र | मतदाता |
|---|---|
| कासगंज | 57413 |
| पटियाली | 55555 |
| अमांपुर | 50984 |

### 347 मतदाता शतायू

जिले की तीनों विधानसभा में 347 मतदाता ऐसे भी हैं जो सौ साल या उससे ऊपर की आयु के हैं। जिसमें सबसे अधिक 161 मतदाता कासगंज विधानसभा में है। वहीं पटियाली विधानसभा में 94 तथा अमांपुर विधानसभा में 92 मतदाता 100 साल के आंकड़े को पार कर गए हैं।

**अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र में जीत सुनिश्चित कराने के लिए प्रत्याशियों को बुजुर्गो का आशीष हर कार्य के लिए लिया जाता है, लेकिन चुनाव में इनका आशीष लेने के साथ-साथ इनसे मतदान करने की अपील करनी होगी। क्योकि कासगंज जिले में बड़ी संख्या में बुजुर्ग मतदाता हैं जो प्रत्याशी को जिताने में अहम भूमिका निभाएंगे।

एटा-कासगंज लोकसभा क्षेत्र का सांसद बनना है तो प्रत्याशी बुजुर्ग मतदाताओं का आशीर्वाद लेना नहीं भूलें। बुजुर्गों के वोट के बिना सांसद बनना मुश्किल है। जिले की तीनों विधानसभाओं में 163952 बुजुर्ग मतदाता हैं। यह संख्या कुल मतदाताओं की 15.65 प्रतिशत से अधिक है। यह आंकड़ा किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में काफी अहम साबित होगा। लोकसभा चुनाव-2024 के लिए सपा एवं भाजपा ने अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार दिए हैं। वहीं, अन्य दल भी अपने उम्मीदवारों के नाम जल्द ही घोषित कर देंगे। निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव लड़ेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में जो भी प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहेंगे उनके लिए बुजुर्ग मतदाताओं का आशीर्वाद अहम साबित होगा। इसके बिना वे क्षेत्र के सांसद नहीं बन सकेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए जो मतदाता सूची तैयार की गई है उसमें 60 साल या इससे अधिक आयु के 163202 मतदाताओं के नाम शामिल हैं।

# दूसरे दिन भी हटवाए गए सियासी होर्डिग और बैनर

संवाददाता, अमांपुर

- प्रशासन एवं नगर पंचायत कस्बा अमांपुर में चलाया अभियान

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग गई है। जिले में आचार संहिता का पालन कराने के लिए दूसरे दिन प्रशासन एवं पुलिस ने नगर पंचायत के सहयोग से कस्बे में अभियान चलाकर राजनीतिक होर्डिंग, बैनर हटवाए गए। इसके अलावा लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई।

लोकसभा चुनावों की घोषणा होते ही कस्बा में एसडीएम न्यायिक विनोद जोशी, तहसीलदार सहावर संदीप चौधरी ने नगर पंचायत कर्मियों के साथ कस्बा के बारहद्वारी, एटा रोड, सहावर रोड, कालेज रोड, गुडमंडी आदि मार्गों के अलावा तिराहों चौराहों सहित विभिन्न स्थानों पर लगे होर्डिंग, पोस्टर एवं बैनरों को जेसीबी मशीन से उतरवाया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिभान सिंह राठौर, इंस्पेक्टर क्राइम मनोज शर्मा, उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह, लेखपाल दीपक भारद्वाज, लिपिक गोपाल कृष्ण शर्मा, हेड कस्टेबल शैलेन्द्र सिंह, अनुरूद्र यादव, सतीश कुमार, मुकेश बाबू, सफाई निरीक्षक चरन सिंह, ओमकार यादव, सफाई नायक दिनेश कुमार, दीपक कुमार आदि शामिल रहे।

### एसएसपी ने किया निरीक्षण

**जलेसर।** जलेसर विधानसभा क्षेत्र के अति संवेदनशील एवं संवेदनशील मतदेय स्थलों का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने बताया कि मतदेय स्थलों के निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को दूर करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी पुलिस केएम दोहरे, कोतवाली प्रभारी आरके सिंह, सिटी इंचार्ज चंद्रशेखर त्रिपाठी सहित अन्य पुलिस फोर्स मौजूद था।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## बसपा ने नहीं खोले अभी पत्ते खेल सकती है यादव कार्ड

**कासगंज, अमृत विचार :** चुनावी मैदान में राजनीतिक सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं। सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी समाजवादी पार्टी द्वारा प्रत्याशियों के नामों का ऐलान करके चुनावी रण का बिगुल फूंका जा चुका है। जबकि बहुजन समाज पार्टी द्वारा नाम की घोषणा अभी नहीं की गई है। सियासी चौपालों पर चर्चा है कि बहुजन समाज पार्टी की मुखिया यादव उम्मीदवार पर दांव लगाकर अन्य दलों के समीकरणों को बिगाड़ सकती हैं।

चुनाव आयोग द्वारा तारीखों का एलान कर दिया गया है। चुनावी हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने मौजूदा सांसद राजवीर सिंह राजू भईया पर ही भरोसा जताया है। वहीं सपा द्वारा देवेश शाक्य पर दांव लगाया है। बहुजन समाज पार्टी ने अभी तक अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। राजनैतिक जानकारों के अनुसार बसपा एटा लोकसभा में किसी मजबूत यादव चेहरे की तलाश कर रही है। इस तरह बसपा अपने मूल वोट बैंक के साथ यादवों को जोड़कर सियासी रण जीतने की जुगत में है। यादव उम्मीदवार की स्थिति में नुकसान समाजवादी पार्टी को उठाना पड़ सकता है। बहरहाल अभी ये कयासबाजी ही है।

# होली पर ऑनरोड रहेंगी रोडवेज बसें

## यात्रियों को सहूलियत देने के लिए तैयार की गई योजना, बढ़ेंगे फेरे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



कासगंज बस स्टैंड।

- स्टाफ की कमी से संचालन में हो सकती है मुश्किल

**आंकडों की नजर में**

- कासगंज डिपो में कुल बसें : 95
- निगम की बसें : 62
- अनुबंधित बसें : 33

होली पर सभी बसें आनरोड रहेगी। प्रोत्साहन योजना शुरू की गई है। चालक–परिचालकों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। – बृजेश कुमार, संचालन प्रभारी

**अमृत विचार :** होली पर्व पर निगम की बसों में यात्रियों का दबाव रहेगा। यात्रियों को किसी भी प्रकार की सुविधा न हो इसके लिए कासगंज डिपो ने रणनीति तैयार की है। डिपो की सभी बसें ऑन रोड रहेंगी। यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। कासगंज-दिल्ली मार्ग पर बसों की विशेष व्यवस्था रहेगी। हालांकि स्टाफ का अभाव है। ऐसे में समस्या हो सकती है।

त्योहारों पर निगम की बसों में यात्रियों का दबाव बढ़ता है। कासगंज डिपो की बसों में भी यात्रियों की दबाव बढ़ेगा। यात्रियों को किसी भी प्रकार की यात्रा के दौरान परेशानी न हो इसके लिए व्यवस्था की गई है। रोडवेज के अधिकारियों का कहना है कि कासगंज डिपो में शामिल सभी अनुबंधित एवं निगम की बसें ऑन रोड रहेंगी। अनुबंधित बसों के स्वामियों को निर्देश दिए गए है कि बसों को दुरुस्त रखें। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा प्रोत्साहन योजना भी शुरू कर दी है।

इस योजना के तहत सभी कर्मचारियों को नगद धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा। यात्रियों की भीड़ के अनुसार बसों के फेरे बढ़ाकर व्यवस्था बनाई जाएगी। यात्रियों को सुगम और शुलभ यात्रा कराने के लिए कासगंज डिपो हमेशा तत्पर्य है।

### 10 दिन के लिए शुरू की गई प्रोत्साहन योजना

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा होली पर्व पर कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन योजना चालू की गई है। इस योजना के तहत निगम के चालक–परिचालकों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। तकनीकी कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## पुलिस ने बरती सख्ती, वाहनों से हटवाए बैनर और झंडे



वाहन से राजनीतिक झंडा उतरवाते यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- यातायात पुलिस ने 111 वाहनों के किए चालान
- आचार संहिता लागू होते ही बढ़ाई गई है सख्ती

**अमृत विचार:** जिले में आचार संहिता लागू होते ही सख्ती बढ़ा दी गई है। वाहनों पर लगे झंडा और बैनर हटाने के लिए अभियान शुरू किया है। यातायात पुलिस ने रविवार को विशेष अभियान चलाकर झंडा बैनर हटाए। 111 वाहनों के चालान किया।

यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। शहर के सोरों गेट, बिलराम गेट, कैनाल बाईपास पर दिनभर अभियान चला। गाड़ियों पर लगे झंडा हटाए गए। वाहनों की सघन चेकिंग की गई। देखा गया कि गाड़ियों में झंडा-बैनरया प्रचार सामग्री तो नहीं है। कुल 111 वाहनों के चालान यातायात प्रभारी ने किया। आचार संहिता लागू होने के बाद अभियान शुरू कर दिया गया है और उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में प्रचार सामग्री एवं झंडा बैनर हटवाए जा रहे हैं। प्रतिबंधित सामग्री किसी भी हाल में प्रदर्शित नहीं होने दी जाएगी। सभी वाहन चालकों और उनके स्वामियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## साप्ताहिक बंदी का पालन नहीं कर रहे व्यापारी



कस्बा अमांपुर में साप्ताहिक बंदी के दिन खुले बाजार। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमांपुर

- श्रम विभाग नहीं करा पा रहा डीएम के आदेश का पालन

**अमृत विचार :** कस्बा अमांपुर में साप्ताहिक बंदी का उल्लंघन हो रहा है। बंदी के दिन भी आम दिनों के तरह दुकानें खुल रही हैं। श्रम विभाग डीएम के आदेश का पालन नहीं करा पा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से पालन कराए जाने की मांग उठाई है।

कस्बा में साप्ताहिक बाजार बंदी के लिए जिला प्रशासन के द्वारा रविवार का दिन निर्धारित किया गया। व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों को रोज की तरह खोलकर श्रम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन तथा श्रम विभाग की शिथिलता के चलते रविवार को साप्ताहिक बाजार बंदी के दिन भी खाने पीने की दुकानें, रेडीमेड कपड़ों की दुकान, जनरल स्टोर, जुता चप्पल, मोबाइल, बर्तन, सर्राफा सहित अन्य प्रतिष्ठान अन्य दिनों की तरह ही खुले रहे।इससे बाजार में दुकानों पर कार्य करने वाले श्रमिकों का अवकाश नहीं मिल पा रहा है।व्यापार मंडल संरक्षक प्रमोद गोयल ने कहा कि कुछ दुकानदार खुलेआम साप्ताहिक बंदी का उल्लंघन कर अपने प्रतिष्ठान खोल लेते हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय प्रकाश गुप्ता, व्यापारी पुष्पेंद्र वर्मा व अजय अग्रवाल ने साप्ताहिक बाजार बंदी का सख्ती से पालन कराने की मांग की है।

# जिले में घरेलू गैस सिलेंडर का हो रहा है व्यवसायिक उपयोग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



चार्ट के ठेले पर इस्तेमाल होता कॉमर्शियल सिलेंडर। ● अमृत विचार

- जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, त्योहार पर बढ़ सकती है दिक्कत
- तमाम वाहन भी अनाधिकृत रूप से घरेलू गैस से दौड़ रहे

विभाग द्वारा घरेलू सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग रोकने के लिए शीघ्र बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जाएगा। घरेलू उपभोक्ताओं तक सिलेंडर की आपूर्ति नियमानुसार हो इसके लिए कदम उठाए जाएंगे। –अरुण कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी

**अमृत विचार :** जिले में शहर, कस्बा और गांवों में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का कॉमर्शियल उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। ठेले-खोमचे वालों से लेकर ढाबे, हलवाई, बड़े होटल वाले भी इनका बे-रोकटोक उपयोग कर रहे हैं। सड़कों पर तमाम वाहन रसोई गैस सिलेंडरों से फर्राटे भरते देखे जा सकते हैं। पूर्ति एवं संभागीय परिवहन विभाग जानकार भी अंजान बना हुआ है।

रसोई गैस के व्यवसायिक उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध है। वाहन भी घरेलू गैस से नहीं दौड़ाए जा सकते हैं, लेकिन जनपद में स्थिति पूरी तरह विपरीत है। घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग जमकर हो रहा है और वाहन भी दौड़ाए जा रहे हैं। वाहन स्वामी अपने वाहनों में गैस किट लगवाकर घरेलू गैस का प्रयोग करते हैं, जबकि नियम है कि जिन वाहनों में किटें लगी हैं उन्हें परिवहन विभाग से अनुमति लेनी होती है। वाहन घरेलू गैस से न दौड़ें इसका जिम्मा परिवहन विभाग का है, लेकिन संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी से हाथ धोए बैठा है। होटल, ढाबे, हलवाई व ठेले खोमचे वाले भी व्यवसायिक सिलेंडरों की जगह घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। इन्हें रोकने टोकने वाला कोई नहीं है।

### विभाग नहीं चलाता कोई अभियान

घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग न हो इसकी रोकथाम का जिम्मा पूर्ति विभाग का है, लेकिन विभागीय अधिकारी जानकर भी इससे अंजान बने हुए हैं। अधिकारियों की अनदेखी से उपभोक्ताओं का शोषण हो रहा है और घरेलू गैस सिलेंडर का बाजारों में धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। यदि यही स्थिति रही तो उपभोक्तओं के सामने रसोई गैस की किल्लत बढ़ जाएगी और उसे भी निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य चुकाना होगा।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Open 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## समिति ने हर्बल गुलाल बनाने की दी जानकारी

संवाददाता, एटा



होली पर्व के लिए हर्बल कलर बनाने की जानकारी देती यश योग समिति की महिला सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कचहरी स्थित कलेक्टर पार्क में रविवार को यश योग सेवा समिति की महिलाओं की तरफ से हर्बल गुलाल बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला योग प्रभारी यशवीर सिंह चैहान, जिला योग महिला प्रभारी आशु वार्ष्णेय, सह महिला योग प्रभारी मंजू वार्ष्णेय, यश योग समिति के सदस्यों के सामने बाहर से आई मुख्य अतिथि महिलाओं ने गुलाल बनाने का तरीका बताया। इस हर्बल गुलाल से कोई नुकसान नहीं पहुंचता, उसके बारे में पूनम अग्रवाल, हेमलता, सीमा, विभा, सविता, भावना, मंजू राजपूत सभी मुख्य महिलाओं ने हर्बल गुलाल बनाने की जानकारी दी। समिति के सदस्यों के साथ मिलकर एक दूसरे को हर्बल गुलाल लगाकर होली महोत्सव सभी बनाया गया। समिति के जिला प्रभारी यशवीर सिंह चौहान, जिला महिला प्रभारी आशु वार्ष्णेय, सह महिला प्रभारी मंजू वार्ष्णेय ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विवाहिता की मौत, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ



सुबीना

**अमृत विचार:** अतिरिक्त दहेज की खातिर एक विवाहिता की जान गई है। यह आरोप विवाहिता के पिता ने दामाद पर लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

गांव नगला पोता निवासी जमालुद्दीन ने तहरीर दी कि उनकी पुत्री सुबीना की शादी पिछले साल अगस्त माह में गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र के गांव रामछितौनी निवासी सरताज के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही सरताज उनकी बेटी को अतिरिक्त दहेज के लिए परेशान कर रहा था और मोटरसाइकिल की मांग कर रहा था। कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। रविवार की सुबह सरताज ने सुबीना की हत्या कर दी।

इंस्पेक्टर गंजडुंडवारा विनोद कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी पति को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई होगी।

RMCH BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

## 10 हजार के इनामी सहित दो अपराधी पुलिस ने पकड़े

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- आरोपियों के कब्जे से बरामद किए गए तमंचे और नगदी

**अमृत विचार:** कासगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अमापुर थाना पुलिस ने 10 हजार के एक वांछित इनामी सहित दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध अलग-अलग मामले दर्ज हैं। इनके कब्जे से तमंचा और कारतूस नगदी बरामद की गई है।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। सीओ सहावर शाहिदा नसरीन के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में अमांपुर पुलिस को सिढ़पुरा की चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। अमापुर थाना पुलिस ने क्षेत्र के नगला इंद्रजीत निवासी इसरार सैफी और बदायूं के गांव रसूलपुर निवासी भूरा को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 2000 तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। एक चोरी की मोटरसाइकिल और 1000 रुपए भी बरामद किए हैं। आरोपी इसरार सैफी पर थाना सिढ़पुरा से 10 हजार का इनाम घोषित है। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। सीओ सहावर शाहिदा नसरीन ने बताया कि आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। उनके विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं और उनके आपराधिक इतिहास भी है। इसरार सैफी पर 11 और भूरा पर 10 मामले पंजीकृत हैं।

## रक्त की कमी से जूझ रहीं 3710 गर्भवती

संवाददाता, एटा

- वजन कम होना, हाई ब्लड प्रेशर की शिकायतें भी आ रही सामने

खून की कमी से जूझ रही महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस माह की 1, 9, 16 व 24 तारीख को लगता है। इस दौरान रक्त अल्पता वाली महिलाओं को आयरन सूक्रोज चढ़ाया जाता है। इसके अलावा आशाओं सहित एएनएम से लगातार गर्भवती की निगरानी को कहा जाता है। जिससे प्रसव के दौरान उसको कोई समस्या न हो। खान–पान पर भी ध्यान रखने को कहा जाता है। –डॉ. सुधीर मोहन, एसीएमओ

**अमृत विचार:** बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं खून की कमी (एनीमिया) की समस्या से जूझ रही हैं। वजन कम होने की भी शिकायत काफी सामने आ रही है। जिसके चलते मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाना बड़ी बाधा बनी हुई है। वर्तमान में 3710 गर्भवती खून की गंभीर कमी से जूझ रही हैं।

मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। जिससे गर्भवती को सुरक्षित प्रसव हो सके। समय-समय पर उनकी जांचें भी की जाती हैं। इसके अलावा टीकाकरण किया जाता है। जिससे जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रह सकें। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है। इसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिह्नित किया जाता है।

सबसे अधिक शिकायत खून की कमी की है। इसके अतिरिक्त वजन कम होना, हाई ब्लड प्रेशर, पूर्व का बच्चा ऑपरेशन से होना और विभिन्न तरह की बीमारियों से पीड़ित महिलाएं रहती हैं। जनपद में वर्तमान में 3710 ऐसी गर्भवती हैं जिनके अंदर 7 ग्राम प्रति डेसीमल से कम हीमोग्लोबिन है। इन महिलाओं को उच्च जोखिम की श्रेणी में रखा गया है। बताया गया कि प्रसव के दौरान खून की कमी न रहे इसके लिए इन महिलाओं को आयरन सूक्रोज चढ़ाया जाता है।

### आयरन युक्त भोजन करें ग्रहण

सीएमएस डॉ. सुरेश चंद्रा ने बताया कि एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाएं अंडा, मछली, अनाज, दालें, बींस, पनीर, सोयाबीन, चुकंदर, पालक, सूखे मेवे और शहद आदि का सेवन करें। इससे तेजी से शरीर में आयरन की पूर्ति होती है। दूसरे जरूरी तत्व भी शरीर को प्राप्त हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त विटामिन सी युक्त खाद्य पदार्थ लें। खाना पकाने के लिए लोहे की कढ़ाई का इस्तेमाल करें। समय–समय पर जांच कराते रहें और डॉक्टर से सलाह लेना न भूलें। चिकित्सकों की सलाह पर डाइट चार्ट बनाएं।

## एक नजर

### मारपीट में दंपती घायल

पसगवां। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर तफज्जुल हुसैन ने दंपती को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। घटना 10 मार्च की है। नीरज कुमारी पत्नी रामसनेही घर में गोबर डाल रही थी। इसी दौरान घरेलू विवाद को लेकर उसका जेठ लालाराम गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर लालाराम और उसकी पत्नी पुष्पा ने लाठी डंडों से पिटाई कर दी। पत्नी को बचाने आए रामसनेही को भी हमलावरों ने पिटाई कर घायल कर दिया। नीरज कुमारी की तहरीर पर पुलिस ने लालाराम और पुष्पा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया।

### जन आरोग्य मेले में 93 मरीजों की जांच

पसगवां। सीएचसी में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 93 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। एसीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश मिश्र ने मेले का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेले में अधीक्षक डॉ. अश्वनी वर्मा, डॉ. हर्षिता, डॉ. रक्शां कमर आदि ने मरीजों की जांच की। इसके अलावा एसीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश ने अर्चना हेल्थ केयर सेंटर उचौलिया के संचालक के बयान दर्ज किए। अल्पसंख्यक आयोग से की गई शिकायत के आधार पर एसीएमओ ने केयर सेंटर को सील कर दिया है। एसीएमओ ने लगभग एक घंटे तक संचालक के बयान और आवश्यक जानकारी ली। संचालक ने बताया कि उनका क्लीनिक का पंजीकरण हुआ है।

### आचार संहिता लगते ही प्रशासन सक्रिय

पसगवां। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आचार संहिता लगने के साथ सरकारी महकमा सक्रिय हो गया। इसी क्रम में नायब तहसीलदार ताहिर परवेज अहमद व जेबीगंज चौकी प्रभारी राहुल सिंघल ने कस्बे में भ्रमण करने के साथ ही चुनावी पोस्टर व होर्डिंग्स उतरवाए। इस दौरान उन्होंने हाइवे के किनारे खड़े आटो व ई रिक्शा चालकों से भी वाहन सड़क पर न खड़े करने के निर्देश दिए। कस्बे में भ्रमण के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व मतदान स्थल केन ग्रोवर्स इंटर कालेज का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही उचौलिया, बरखेरिया जाट, पसगवां, सुखवसा आदि स्थानों पर प्रचार सामग्री हटवाई।

# सहकारी बैंक कर्मचारी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

## मैनेजर व सचिव ने उस पर लिखाया था बाइक चोरी का मामला

एटा अमृत विचार :

कोतवाली नगर क्षेत्र के डाक बगलिया में बाइक चोरी के केस से परेशान बैंक कर्मचारी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बैंक के मैनेजर व सचिव ने उस पर बाइक चोरी का मामला दर्ज कराया था।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम लालगढ़ी निवासी जयवर्धन (32) पुत्र उदयपाल सिंह निधौलीकलां स्थित सहाकारी बैंक में सहयोगी पद पर कार्यरत था। एटा के डाक बगलिया में किराए में मकान में पत्नी और बच्ची के साथ रहता था। रविवार को उसकी बच्ची कोचिंग गई थी।छुट्टी होने के समय पत्नी कुसुम बच्ची को लेने चली गई। तभी जयवर्धन ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचे लोगों ने युवक को फंदे से उतारकर उपचार के लिए मेडिकल कालेज ले गए। जहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी गई। एसओ ने बताया कि युवक ने किन परिस्थितियों में आत्महत्या की इसकी जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

- दो दिन पहले जेल से आया था छूटकर, तनाव में आकर लगाई फांसी

**मानसिक तनाव में था:** मृतक के भाई राजवर्धन ने बताया की भाई पर करीब एक हफ्ते पहले निधौलीकलां की सहकारी बैंक के मैनेजर व सचिव ने बाइक चोरी का मुकद्दमा दर्ज करा दिया था जिसमें पुलिस ने जयवर्धन को जेल भेज दिया था।दो दिन पहले जेल से छूटकर आया था। तब भी से मानसिक दबाव में था। तनाव के चलते कमरे में ही फांसी लगाकर जयवर्धन ने आत्महत्या कर ली।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

जलेसर। जलेसर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला धारा में शनिवार की देर रात्रि में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। संतोष कुमार पुत्र शंकरपाल निवासी नगला केसिया थाना विजयगढ़ ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री पूजा की शादी सुनील कुमार पुत्र मुन्ना लाल निवासी नगला धारा जलेसर के साथ की थी। शादी के उपरांत सुनील द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की जाने लगी। इसके चलते पूजा को परेशान किया जा रहा। कई बार पंचायत हुई। 14 मार्च को पूजा ने फोन किया था सभी लोग परेशान कर रहे हैं। सुनील के पिता मुन्नालाल को फोन कर बताया लेकिन उसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। शनिवार को किसी ग्रामीण ने सूचना दी कि उनकी पुत्री को कुछ हो गया है। वे पहुंचे तो पूजा की लाश एशियाई हॉस्पिटल आगरा में मिली।

# अर्द्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने किया मार्च



एक गांव में फ्लैग मार्च करते पुलिस व अर्द्धसैनिक बल। ● अमृत विचार

**मिरहची।** कस्बे में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को थाना पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ मार्च किया। लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया।

थाना प्रभारी की मौजूदगी में मार्च निकाला गया। इंस्पेक्टर ने लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीण व कस्बे के लोगों को बताया कि चुनाव में गड़बड़ी करने वाले उपद्रवियों के साथ सख्त कार्रवाई कर सबक सिखाया जाएगा। दोषी को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। गांव खंगारपुर, दौलतपुर, हजरतपुर, करनपुर, नगला दत्ती, नगला प्रेमी, नगला भूड़, नगला जोरी, अचलपुर, मोहम्मदपुर, श्यामपुर, सरनऊ, जिन्हैरा, रसूलपुर, गडोली में फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन कर आमजन को भयमुक्त निष्पक्ष मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## सार-संक्षेप

### भाजपा सांसद ने बैठक कर बनाई चुनाव की रणनीति



अलीगंज। फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सांसद मुकेश राजपूत ने कायमगंज रोड स्थित एसएस रिसोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने मतदाताओं से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। सांसद ने क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी उन्होंने कहा की उनकी सरकार ने तमाम योजनाओं को संचालित कर ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को लाभ दिलाने का कार्य किया है। महिलाओं की सुरक्षा और रोजागार दिए जाने का भी सरकार कार्य कर रही है। बैठक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. अशोक रतन शाक्य, विधानसभा संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष अमोद कुमार आर्य, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह कश्यप, लोकपाल सिंह शाक्य, वीरेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र गुप्ता, शिवम कश्यप, निलेश राजपूत, गोपाल शर्मा, विजय कुमारी, सृष्टि शर्मा, प्रमोद प्रेमी आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी समेत चार लोगों पर पुलिस ने की कार्रवाई

एटा। कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 17 मार्च को रेलवे पुलिया के पास से नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी पुष्पेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर निधौलीकलां थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध देशी शराब समेत क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर निवासी अवधेश को बंदी बनाया है। कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला इस्लामनगर निवासी शान मोहम्मद उर्फ गोरिया को चोरी के माल समेत दबोच लिया। कब्जे से एक पीतल की घूमी व चार बंडल तार बरामद किया गया है। पूअवैध तमंचा लिए घूम रहे विजयपाल निवासी उलायतपुर कोपुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया।

### सीओ ने दिया दो दिवसीय प्रशिक्षण

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में यातायात कर्मियों, होमगार्ड, पीआरडी के जवानों को क्षेत्राधिकारी यातायात एवं प्रभारी यातायात द्वारा को दो दिवसीय यातायात प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सड़क पर यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए लेन ड्राइविंग, सड़क अतिक्रमण, रोड पर वाहन पार्किंग, ट्रैफिक संचालन के संबंध में ड्रिल आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर यातायात विक्रान्त द्विवेदी, प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम, प्रभारी यातायात अनिल वर्मा मौजूद रहे।

### शिविर में 252 लोगों ने किया रक्तदान

जलेसर। समाजसेवी संस्था देवदूत वानर सेना के तत्वाधान में नगर के श्रीजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में 252 लोगों ने रक्तदान किया। संस्था के प्रमुख मनदीप छाबड़ा ने बताया के संस्था के द्वारा वर्ष में दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। प्रमोद गुप्ता एवं उनकी पत्नी मंजुल गुप्ता की स्मृति में उनके पुत्र कपिल गुप्ता के सहयोग से आयोजित किया गया। ओम ब्लड बैंक के चिकित्सकों की देखरेख में युवाओं के द्वारा सर्वाधिक रक्तदान किया गया। इस दौरान मनदीप छाबड़ा, विवेक वर्मा, अंशुल गुप्ता, पुलकित गुप्ता, अमर अग्रवाल, नवदीप यादव, माधव पायलट, रोहित वर्मा, सोनू कुशवाहा, अंकुश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# घर से दूर रहने वाले मतदाताओं को चिह्नित करेंगी आशा, एएनएम

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में 5 वर्ष में एक बार मतदान करने का मौका मिलता है, लेकिन कई लोग इसमें भी मतदान करने से वंचित रह जाते हैं। कारण वह घरों से बाहर रहते हैं। इसी को लेकर आशा-एएनएम घरों से बाहर रह रहे मतदाताओं को चिह्नित करने का कार्य करेंगी।

चुनाव आयोग और प्रशासन का जोर है कि मतदान का प्रतिशत बढ़े। इसके लिए वर्ष 2019 में हुए चुनाव के दौरान कम मतदान वाले बूथों को चिह्नित किया गया। जिले में 797 बूथ ऐसे हैं जहां कम मतदान हुआ था। प्रशासनिक अधिकारियों की सीधी नजर इन बूथों पर है। उच्चाधिकारी लगातार मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। चुनाव से पूर्व मतदाता जागरुकता को लेकर रैलियां आदि निकाली जाती हैं। विद्यालयों में भी कार्यक्रम होते हैं। इस बार आशा व एएनएम के सहारे मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। डायट प्रवक्ता सुधीर कुमार ने बताया आशा व एएनएम जिस क्षेत्र में कार्य करती हैं। वहां यह बाहर रह रहे मतदाताओं को चिह्नित करने का कार्य करेंगी। जिससे पता चल सके कि उस क्षेत्र के कितने मतदाता बाहर रह रहे हैं। आशा व एएनएम के माध्यम से उन्हें मतदान करने के लिए जागरूक भी किया जाएगा।

# अवागढ़ थाने का एसएसपी ने किया दौरा

संवाददाता, अवागढ़

**अमृत विचार:** लोस चुनावों की घोषणा होने के बाद आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह ने रविवार को अवागढ थाने का निरीक्षण कर बंदीगृह, अभिलेख, बैरक आदि को देखा। इसके बाद जलेसर रोड स्थित जनता इंटर कॉलेज का भी निरीक्षण किया, कॉलेज में बनाए जाने वाले अति संवेदनशील तथा संवेदनशील पोलिंग बूथ के बारे में प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव से जानकारी प्राप्त की। एसएसपी ने शस्त्र धारकों के असलाहों को जमा कराने, हिस्ट्रीशीटर और कुख्यात अपराधियों पर सख्त नजर रखने के आदेश दिए। वहीं लोगों को पाबंद करने की प्रक्रिया को तेज करने को कहा। चुनावों में व्यवधान डालने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन कठोर कार्रवाई करेगा। सीओ जलेसर कृष्ण मुरारी, थाना प्रभारी निरीक्षक जयेंद्र प्रसाद मौर्य आदि मौजूद रहे।



निरीक्षण के बाद अवागढ़ थानाध्यक्ष को निर्देशित करते एसएसपी राजेश कुमार सिंह।

# चुनाव संग यात्रियों को सुविधा देना होगा चुनौती

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** अगले सप्ताह होली है, इसके साथ ही चुनावी गतिविधियों ने जोर पकड़ लिया है। चुनाव संग यात्रियों को सुविधाएं देने की चुनौती सामने हैं। चुनाव कराने के लिए बसों का पहले चरण के लिए जाना तय है।

पहला चरण का मतदान 19 अप्रैल को है। ऐसे में सुरक्षा बलों को पहले से ले लाने-ले जाने का कार्य करना होगा। एटा डिपो के बेड़े में 174 बसें हैं, इनमें से आधी बसें लंबे रूट पर दिल्ली, कानपुर और लखनऊ के लिए चलाई जा रही हैं। दिल्ली रूट पर 68 बसें संचालित की जा रही हैं। इस रूट से बसों को नहीं हटाया जा सकता। लेकिन लोकल रूट की बसों का हटाकर चुनावी प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी है। ऐसे में यात्रियों की सुविधाओं में भी कटौती होना स्वभाविक है। एआरएम राजेश यादव ने बताया कि होली का त्योहार एक सप्ताह बाद है, जबकि चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल को है। ऐसे में चुनाव को लेकर कोई परेशानी नहीं होगी। पहले चरण में बसें जाएंगी। लेकिन दूसरा चरण कराने के लिए बसों को नहीं भेजा जाना है। चुनौतियां हैं लेकिन कोई समस्या नहीं आएगी। बसों की संख्या डिपो में ठीक है, यात्रियों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए प्लान तैयार कर लिया गया है।

# सिंचाई विभाग नदी व नहर के किनारों पर करेगा सीमांकन

**एटा, अमृत विचार:** सिंचाई विभाग की जमीन पर कब्जाधारी अब कार्रवाई की जद में आने वाले हैं। विभाग अपनी जमीन का सीमांकन करने जा रहा है। नहर, रजबहा और नदियों के किनारे किए गए कब्जों पर बुलडोजर कभी भी चल सकता है।

सिंचाई विभाग बेवर फीडर, कुरावली रजबहा, ईशन नदी, काक नदी, ऊपरी गंग नहर के आसपास अपनी जमीन का सीमांकन करेगा। इसके लिए राजस्व विभाग का सहयोग लिया जाएगा। सीमांकन के बाद कब्जा करने वालों को नोटिस जारी किए गए जाएंगे। जमीन पर तारबंदी की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। अगर अतिक्रमण व कब्जा करने वाले नोटिस के बाद आसानी से हट जाते हैं, तो कार्रवाई से बच सकेंगे। अगर जमीन को कब्जा मुक्त नहीं किया तो विभाग की ओर से बुल्डोजर चलाया जाएगा। अधिशासी अभियंता तुषार कांति राजन ने बताया कि शासन के निर्देशों का पालन किया जाएगा। जमीन का सीमांकन कराने के बाद इसे कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

# नपा की लापरवाही, कचरे में फेंकीं लाइब्रेरी की किताबें



कूडे के ढेर में फेंकी गईं किताबों को निकलवाते अधिकारी।

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** मेहता पुस्तकालय एटा में रखीं प्राचीन और महत्वपूर्ण पुस्तकें कबाड़ के ढ़ेर में तब्दील हो गईं। अटल बिहारी वाजपेयी (संसद के तीन दशक) पुस्तक राजाराम मोहन राय पुस्तकालय कलकत्ता से मेहता पुस्तकालय को मिली थी।

नगर पालिका एटा की लापरवाही से अटल बिहारी की कुछ लेख-कुछ भाषण, महात्मा गांधी और रामराज्य नामक पुस्तकें कूड़े के ढेर में पड़ी मिलीं हैं। दो दिन पूर्व एसडीएम राजकुमार ने नगर पालिका कर्मचारी संजय सिंह को पुस्तकें हटाने के निर्देश दिए थे। एटा में ई-लाइब्रेरी भी बनकर तैयार हो चुकी है। जिसके चलते पुरानी पुस्तकों को बाहर फेंक दिया गया। मौके पर पहुंचे एसडीम राजकुमार आर्या ने कर्मचारियों को लगाकर सही किताबों को अलग कराने के निर्देश दिए थे। एसडीएम ने कहा कि उक्त कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका कर्मचारी को कार्य में लापरवाही के लिए नोटिस ने दिया गया है। नोटिस का उचित जवाब न देने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कुर्सियों से भरे चलते ट्रक में लगी आग

**अलीगंज।** अलीगंज नवाबगंज मार्ग पर ग्राम अमरोली के बाईपास रोड पर कुर्सियों से भरे एक ट्रक में आग लग गई। सामने से आ रहे लोगों के चिल्लाने पर ट्रक ड्राइवर को मालूम हुआ कि जिस ट्रक को वह चला रहा है वह आग के हवाले हो चुका है।

गाजियाबाद के रहने वाले ट्रक ड्राइवर सुरजीत सिंह गाजियाबाद से इलाहाबाद के लिए भाड़े पर कुर्सियां लादकर ले जा रहा थे। ट्रक एटा अलीगंज होते हुए ग्राम अमरोली के बाईपास रोड से गुजर रहा था इसी बीच किसी कारण से कुर्सियों में आग लग गई। ट्रक ड्राइवर को सामने से आ रहे ग्रामीणों ने इशारों में तथा चिल्ला कर बताया कि उसके ट्रक में आग लग गई है। आनन फानन में ड्राइवर व क्लीनर दोनों ट्रक रोक कर सुरक्षित उतर गए। ग्रामीण आग बुझाने में सहयोग करने लगे लेकिन ट्रक में लगी आग बेकाबू होती जा रही थी। किसी ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दे दी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंच गई। जब तक आग बुझाई जाती तब तक बहुत कुछ जलकर स्वाहा हो चुका था।

# शिक्षकों व प्रशिक्षुओं के लिए बनेगी 50 कंप्यूटर की लैब

संवाददाता, एटा

- शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा, बजट पास होते ही डायर पर शुरू होगा निर्माण

**अमृत विचार:** डायट पर अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब बनाई जाएगी। इसमें 50 कंप्यूटर सिस्टम लगाए जाएंगे। इससे शिक्षकों के अलावा प्रशिक्षुओं को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें डायट पर ही प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। इसके लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

हरचंद्रपुर कलां स्थित डायट पर आए दिन शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है। शैक्षिक कार्य में इस समय डिजिटल शिक्षा पर जोर है, लेकिन डायट पर कंप्यूटर लैब ही नहीं है। लैब न होने के कारण वहां प्रशिक्षण के लिए पहुंचने वाले शिक्षकों सहित प्रशिक्षुओं को शहर के स्कूलों में प्रशिक्षण के लिए जाना पड़ता है। इसी को लेकर प्रभारी डायट प्राचार्य दिनेश कुमार ने वहां लैब स्थापना की कार्ययोजना बनाई है।

उन्होंने बताया कि डायट पर लैब स्थापना का कार्य कराया जाएगा। इसमें 50 कंप्यूटर लगाए जाएंगे। लैब बनाने के लिए प्रस्ताव को उच्चाधिकारियों के पास भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही शुरू कराया जाएगा। प्रभारी डायट प्राचार्य ने बताया इन दिनों 50 शिक्षकों का कंप्यूटर प्रशिक्षण का कार्यक्रम चल रहा है। उन्हें कंप्यूटर की बेसिक जानकारी दी जा रही है, लेकिन डायट पर कंप्यूटर नहीं है। ऐसे में शहर के एक विद्यालय में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# धुमरी में पथराव व फायरिंग दो पक्षों में तनाव, फोर्स तैनात

संवाददाता, जैथरा

- स्कूल में छात्रों के बीच हुए विवाद के बाद आमने-सामने आए लोग

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के धुमरी कस्बा में दो छात्रों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद दो गांव के लोग आमने-सामने आ गए और पथराव व फायरिंग की। एक पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। इसे देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

जैथरा थाना क्षेत्र के गांव खिरिया व नगला भूड़ के दो छात्रों में विद्यालय में कहासुनी व मारपीट की घटना हुई थी। इसके बाद सुलह के प्रयास जारी थे। खिरिया निवासी चेतन अपनी ममेरी बहन को लेकर गांव खजुरा जा रहा था। आरोप है कि सिढ़पुरा चैराहे पर पाल समाज के लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद नगला भूड़ के पाल समाज व खिरिया के क्षत्रिय समाज के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट व फायरिंग हुई। जिसमे चेतन बुरी तरह घायल हो गया। जिसका इलाज आगरा के एक अस्पताल में चल रहा है। चेतन के पिता संजय ने नगला बलदेव, नगला भूड़ व नगला शंकर के सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दोनों गांव में तनाव का माहौल अभी भी बना हुआ है। शांति व्यवस्था बनाए रखने को दोनों गांव के बीच में चौराहे पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जैथरा थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि स्थिति सामान्य है। एक ओर से तहरीर मिलने पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# लोस चुनाव का बिगुल बजने के बाद उतारे गए नेताओं के होर्डिंग

**एटा अमृत विचार :** लोस चुनाव की घोषणा होने के बाद आचार संहिता लागू हो गई है। शहर में जिला प्रशासन के आदेशों पर नगर परिषद की ओर से राजनेताओं के प्रचार सामग्री के फ्लैक्स उतार दिए गए। रविवार को होर्डिंग्स उतरवाए गए। राजनीतिक माहौल पर मतदान से लेकर मतगणना तक चुनाव आयोग की पैनी नजर रहेगी। हर गतिविधि पर भी चुनाव आयोग अपनी नजर रखेगा। आचार संहिता लगने के तुरंत बाद जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। सभी संबंधित अधिकारी दिए गए कार्यों को समयबद्ध करना सुनिश्चित करें। मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मीडिया मॉनिटरिंग कक्ष स्थापित होगा, जो प्रचार प्रसार साधनों पर निरंतर नजर रखेगा।

# प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को दी आचार संहिता की जानकारी

संवाददाता, एटा

- उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

**अमृत विचार :** लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को आयोग की गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदेश का पालन नहीं करने वालों पर सीधे कार्रवाई होगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि किसी भी निर्वाचन पंपलेट या पोस्टर तथा प्रकाशक द्वारा निर्वाचन से संबंधित मुद्रित सभी सामग्रियों पर मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पते का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा। किसी भी प्रकार के पोस्टर, पंपलेट को मुद्रित किये जाने से पूर्व प्रिन्टिंग प्रेस संचालक द्वारा छपवाने वाले प्रत्याशी अन्य का पूरा ब्योरा नाम, पता, मोबाइल नं. एवं पहचान अनिवार्य रूप से अपने से संबंधित अभिलेखों में सुरक्षित रखेंगे।

इसी प्रकार प्रिंटिंग प्रेसों द्वारा मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के तीन दिन अन्दर प्रत्येक मुद्रित सामग्री की चार प्रतियां निर्वाचन कार्यालय को भेजनी होंगी। इस संबंध में प्रकाशक द्वारा घोषणा पत्र भी भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने वाले प्रिंटिंग प्रेसों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत छह माह का कारावास और 2000 रुपये का जुर्माना और लाइसेंस निरस्त की कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरी पुत्री का सही नाम अंकिशा जौहरी व उसकी जन्मतिथि 27.08.2009 है जबकि उसको अंकिशा कहा जाता है। अंकिशा जौहरी व अंकिशा दोनों ही नाम मेरी पुत्री के हैं। भविष्य में मेरी पुत्री को अंकिशा जौहरी के नाम से जाना व पहचाना जाये। **अमित जौहरी पुत्र ज्ञान प्रकाश जौहरी, निवासी बी-319 इफ्को टाउनशिप, आंवला, जनपद बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला अस्पताल के निकट मेरा एक बैग जिसमें मेरे हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1078047, इण्टर की मार्कशीट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0715216, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अल्ट्रासाउण्ड स्लिप आदि जरूरत दस्तावेज थे कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **तबस्सुम पुत्री अशरफ अली निवासी ग्राम अहमदनगर, पो. रामापुर बरकतपुर, शाहजहाँपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नन्हे बख्श (NANNHE BAKHS) (पुराना नाम) से बदलकर नन्हे बक्श (नया नाम) (NANHE BAKSH) कर लिया है। भविष्य में मुझे नन्हे बक्श (NANHE BAKSH) (नया नाम) पुत्र हबीबुल्ला के नाम से जाना व पहचाना जाये। **नन्हे बक्श पुत्र श्री हबीबुल्ला निवासी- खमरिया पुल कुकरी खेड़ा, पीलीभीत**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

